अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### पिता-पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**सौरिख।** पुरानी रंजिश के चलते गालीगलौज करने पर पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया गया। थाना क्षेत्र के चौकी भावलपुर के गांव बैसिया निवासी उदयवीर पुत्र बालस्टर 2 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी पुरानी रंजिश मे परिवार के रक्षपाल पुत्र महीपत, रामू पुत्र रक्षपाल ने उनको गालीगलौज किया। गाली देने से मना किया तो उन्हें लात घूसों से पीटने लगे शोर सुनकर पुत्र बचाने पहुंचा तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे उसके सिर में व शरीर में गंभीर चोटे आई। पुलिस ने दोनों को डाक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पिता की तहरीर पर मामला पंजीकृत करते हुए पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी।

### मामूली बात पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** थाना क्षेत्र के गांव अल्लहा दादपुर निवासी शुभम राठौर पुत्र विजेंद्र सिंह राठौर ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 4 मार्च की शाम समय करीब 5 बजे गांव के अंकेश पुत्र बालवीर, अक्षय पुत्र अंकेश, सपना कुमारी पत्नी अंकेश, खुशी पुत्री अंकेश बेवजह गालीगलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तो आरोपी लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। शोर सुनकर मां एवं बहन बचाने आई तो उनके साथ भी मारपीट की। इससे उसे व बहन के गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने दोनों को डाक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजते हुए रिपोर्ट कर जांच प्रारंभ कर दी।

### हाईस्कूल की चार तो इंटर की नौ केंद्रों पर परीक्षा

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा छह दिन के अवकाश के बाद शनिवार को फिर से शुरू हो गई। कुल 96 केंद्रों में से चार पर सुबह पहली पाली में हाईस्कूल का वाणिज्य का पेपर हुआ। पंजीकृत 102 परीक्षार्थियों में से 99 शामिल हुए और अनुपस्थित 03 रहे। इसी तरह सुबह इंटरमीडिएट वैकल्पिक विषय की परीक्षा 09 केंद्रों पर आयोजित हुई। पंजीकृत 337 परीक्षार्थियों में 318 ने इम्तिहान दिया और 19 गैरहाजिर रहे। डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक दूसरी पाली में जनपद में कोई पेपर नहीं था। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संचालित कंट्रोल रूम में शिक्षक- शिक्षिकाओं ने सीसीटीवी कैमरों से ऑनलाइन निगरानी की।

### दरवाजे पर बैठे भाइयों पर बोला हमला

**कन्नौज।** गाली देने से मना करने पर दो भाइयों को पीट दिया गया। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कटरा निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र पुत्र देवी दयाल ने गांव के ही निवासी उपेंद्र, शैलेंद्र पुत्रगण बलवीर, आशीष पुत्र सुभाष, बलराम पुत्र सुखदेव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 04 मार्चको वह रात करीव 09 बजे अपने चचेरे भाई शैलेंद्र के साथ घर के दरवाजे पर बैठा था। उसी समय उक्त लोग शैलेंद्र पर लाठी डंडों से प्रहार करने लगे। वह भाई को बचाने लगा तो उस पर भी हमला कर दिया। इससे दोनों भाई घायल हो गये। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### खेत में खडी मक्का की फसल नष्ट की

**कन्नौज।** खेत में खड़ी मक्का की फसल को दबंगों ने जोत कर नष्ट कर दिया। मना करने पर पिटाई कर दी गई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव टीकापुर्वा निवासी राकेश पुत्र रामऔतार ने गांव के ही निवासी काशीराम, अजय, देवीदास, सुखपाल निवासी धौरहरा धथाना सांडी जनपद हरदोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसने निजी भूमि पर मक्का की फसल बोई थी। इस फसल को उक्त लोगों ने जोत कर नष्ट कर दिया। विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर कई लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

# परीक्षा में सघन तलाशी के बाद ही दिया जाये प्रवेश

## केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, दो सहायक केंद्र व्यवस्थापक, परीक्षा संचालक, पुलिस बल तैनात

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आठ केंद्रों पर एसआई भर्ती परीक्षा में शामिल होंगे 1920 परीक्षार्थी
- डीएम ने दिए निर्देश, 14 व 15 मार्च को दो- दो पालियों में होगा इम्तिहान
- किसी भी विसंगति में नोडल अधिकारी (पुलिस) को सूचित किया जाएगा



डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार की मौजूदगी में जानकारी देते डीआईओएस पप्पू सरोज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के 08 केंद्रों पर 14 व 15 मार्च को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती- 2025 परीक्षा को लेकर बैठक हुई। कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि परीक्षा में 1920 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो- दो पालियों में होगी। सुबह पहली पाली की परीक्षा के लिए 09:30 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 02:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

शनिवार को बैठक में बताया गया कि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली का इम्तिहान दोपहर 03 से शाम 05 बजे तक चलेगा। डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, दो सहायक केंद्र व्यवस्थापक, एक- एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रभारी (पुलिस), केंद्र प्रभारी (परीक्षा संचालन), केंद्र प्रभारी (पुलिस सुरक्षा) तैनात किए गए हैं। साथ ही कक्ष निरीक्षक एवं सहयोगी कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी लग गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तिथि के स्टेशनरी बॉक्स को परीक्षा दिवस के 24 घंटे पहले केंद्र व्यवस्थापक की ओर से स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रभारी (पुलिस) व (परीक्षा संचालक) के समक्ष खोले जाएंगे। परीक्षा सामग्री मिलने पर उसकी जांच कर देख लें कि संबंधित सामग्री उसी परीक्षा केंद्र की ही है। किसी भी विसंगति में नोडल अधिकारी (पुलिस) को सूचित करें। केंद्र प्रभारी (परीक्षा संचालक) यह तय करेंगे कि परीक्षा कक्ष का सीटिंग प्लान दो प्रतियों में तैयार किया जाएगा, जिसमें सीटों का केवल अनुक्रमांक अंकित होंगे। केंद्र के बाहर रोल नंबर और रूम नंबर की सूची चस्पा होगी। परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पहले सीटिंग प्लान की पहली प्रति अभ्यर्थियों के लिए कमरे के दरवाजे पर चस्पा की जाएगी।

### यह जिम्मेदार ही रख सकेंगे मोबाइल

अधिकृत व्यक्तियों (स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी (पुलिस) व केंद्र प्रभारी (परीक्षा संचालक) ही मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। डीएम ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा होगी और कक्ष निरीक्षकों को अच्छे से प्रशिक्षित किया जाए। परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि कार्यदायी संस्था का कार्य बहुत ही संवेदनशील हैं इसलिए सभी लोग सतर्क होकर कार्य करें। बैठक में एसपी विनोद कुमार, एडीएम (वि./रा.) देवेंद्र सिंह, आदि लोग रहे।

# 'प्रदीपिका' में पीएस धर्मपुर को पहले पेज पर स्थान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बेसिक शिक्षा विभाग ने वर्तमान सत्र का पहला अंक प्रकाशित कराया
- कंपोजिट विद्यालय कुसुमखोर की सहायक अध्यापक का नवाचार बच्चों का बैंक भी शामिल

**अमृत विचार।** शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं के नवोन्मेषी कार्यों, उपलब्धियों पर आधारित पत्रिका प्रदीपिका (प्रेरणा एवं प्रोत्साहन का संयुग्मन) का वर्तमान सत्र का प्रथम अंक बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रकाशित करा दिया है। पत्रिका के प्रथम पृष्ठ पर निपुण विद्यालय बने विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल धर्मपुर को स्थान मिला है।

नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि नवोन्मेषी प्रयासों में ब्लॉक गुगरापुर इलाके के कंपोजिट विद्यालय कुसुमखोर की सहायक अध्यापक दीपा त्रिपाठी के नवाचार बच्चों का बैंक को शामिल किया गया है। प्रधानाध्यापक असमा आसिफ के पत्थरों से गणितीय अवधारणाओं को स्पष्ट करने की शिक्षण विधा, कन्नौज क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल महमूदपुर पैठ की छात्राओं के हुनर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। छिबरामऊ के शिक्षक शशिकांत शुक्ल के आईसीटी आधारित शिक्षण पद्धति भी शामिल हैं। पीएम श्री विद्यालयों में कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर की उपलब्धियों को स्थन दिया गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि प्रदीपिका पत्रिका में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सफलता की कहानियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता है जिससे जनपद में एक सकारात्मक वातावरण का सृजन तो होता ही है साथ ही साथ शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं एक दूसरे के कार्यों से प्रेरित होकर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रयासरत रहते हैं।

# मातृ वंदन योजना में अब तक बांटे 3.27 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो साल से प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का संचालन बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और महिला कल्याण से हो रहा है। इससे पहले यह योजना स्वास्थ्य विभाग से संचालित थी। योजना का उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिलती है। अब तक कुल 8966 लाभार्थियों को 03 करोड़ 27 लाख 74 हजार रुपये सीधे महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि योजना में प्रथम बच्चे के जन्म पर गर्भावस्था पंजीकरण कराने पर लाभार्थी को प्रथम किस्त 3,000 रुपये दिए जाते हैं। इसके बाद गर्भावस्था के 14 सप्ताह का टीकाकरण पूर्ण होने पर द्वितीय किस्त 2,000 रुपये मिलते हैं। यदि दूसरा बच्चा कन्या जन्म लेती है, तो लाभार्थी को 6,000 की धनराशि एकमुश्त दी जाती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 29 मार्च 2024 से योजना शुरू होने के बाद से अब तक जनपद में प्रथम गर्भावस्था पंजीकरण के आधार पर कुल 3574 लाभार्थियों को 01 करोड़ 07 लाख 22 हजार रुपये की धनराशि दी जा चुकी है। 14 सप्ताह का टीकाकरण होने पर कुल 2575 लाभार्थियों को 51 लाख 50 हजार रुपये महिलाओं के खातों में भेजा गया है। 2817 महिलाओं के दूसरे बच्चे में कन्या का जन्म होने पर 01 करोड़ 69 लाख 02 हजार की धनराशि दी जा चुकी है।

# होली बाद फिर से पूर्वी बाईपास पर रोकी जानें लगीं बसें

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सरायमीरा में सुगम यातायात को केवल स्थानीय डिपो की बसों को ही इंट्री
- कानपुर की ओर से आने वाली अन्य डिपो गुजर रहीं बाईपास से


पूर्वा बाईपास पर रोडवेज बसों को रोकने के लिये लगाया गया बैरियर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली के बाद फिर से कानपुर की ओर से आने वाली अन्य डिपो की रोडवेज बसों के शहर में प्रवेश पर रोक लग गई है। वह बाईपास से होकर निकलेंगी।

सरायमीरा जीटी रोड पर दिन के समय लगने वाले जाम से निजात दिलाने का प्रयास फिर से शुरू कर दिया गया है। इस व्यवस्था से लोगों को जाम से निजात कुछ हद तक मिल रही है। होली पर्व पर यात्रियों को आने व जाने में दिक्कत न हो इसके लिये कन्नौज समेत सभी डिपो की बसों को प्रवेश की अनुमति दे दी गई थी। इससे पहले कन्नौज को छोड़ कर अन्य डिपो की बसों को कानपुर की ओर से सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड पर आने से मनाही करदी गई थी। बाहरी डिपो की बसों को पूर्वी बाईपास पर रोक कर सवारी उतारने के बाद ओवर ब्रिज से निकाल दिया जाता था। यह व्यवस्था होली के दो दिन पहले तक चली। इसके बाद यात्रियों की सहूलियत के लिए इसे बंद कर दिया गया। होली बाद 06 मार्च से पुरानी व्यवस्था को फिर से बहाल कर दिया गया है। पूर्वी बाईपास पर यातायात पुलिस व होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लगा दी गई है। ये शनिवार को भी कन्नौज के अलावा अन्य डिपो की बसों को रोक कर बाईपास से निकालते रहे। इससे यात्रियों को भले ही कुछ दिक्कत हुई पर सरायमीरा के लोगों व यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

दोनों से आने वाली रोडवेज बसों से जाम लग रही था। इसमें यात्री व वाहन घंटों फसे रहते थे। इसी को देखते हुए एसपी विनोद कुमार के निर्देश पर इस व्यवस्था को लागू किया गया था। वैसे तो यह व्यवस्था अस्थायी मानकर शुरू की गई थी पर इसके नतीजे ठीक निकलने से इसे फिर से लागू कर दिया गया है। अब कानपुर की ओर से कन्नौज आने वाले यात्री यदि अन्य डिपो की बस से यात्रा करते हैं तो उनको बाईपास पर ही उतरना होगा। जब कि कन्नौज डिपो की बस से वह आते हैं तो उनको सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड पर उतारा जायेगा।

### पाल चौराहा से घूम पर स्टैंड पहुंच रहीं अन्य डिपो की बसें

कन्नौज। पूर्वी बाईपास पर रोक लग जाने के बाद अन्य डिपो की बसों से चालक चालाकी दिखाने लगे हैं। वह पूर्वी बाईपास से निकल कर पाल चौराहा से कन्नौज रोड से होते हुए गोलकुऑ से गैस एजेंसी क्रासिंग पार कर बस स्टैंड पहुंच रहे हैं। इससे फिर से जाम की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। इस संबंध में एसपी ने कहा था कि यदि एसा किया जा रहा है तो गोलकुआं से रोक लगा दी जायेगी। कानपुर से गोलकुआं की ओर जाने वाली रोडवेज बसों को रोक दिया जायेगा।

### पूर्व प्रधान को पत्नी समेत पीटा

**कन्नौज।** पुरानी रंजिश में दरवाजे पर पत्नी के साथ बैठे पूर्व प्रधान को दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया।

कुलापुर निवासी पूर्व ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान राजीव कटियारर ने गांव के ही निवासी मुखिया यादव व संदीप यादव पुत्रगण मानसिंह यादव के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 03 मार्च को शाम करीव 09 बजे वह अपनी पत्नी व बच्चे के साथ घर के बाहर बैठा बात कर रहा था। इसी दौरान उक्त दोनों भाई आये और गालीगलौज करने लगे। गाली देने से मना कर वह अपनी पत्नी व बच्चे के साथ घर जाने लगा। इसी बीच दोनों भाई पीछा करते हुए घर में घुस आये। जहां पत्नी से बच्चा छीन कर फेंक दिया। पत्नी को पीटने लगे। वह बचाने के लिये दौड़ा तो उक्त लोगों ने सरिया से हमला कर घायल कर दिया।

# गर्भवती महिला और उसके परिवार को पीटा

संवाददाता छिबरामऊ

- पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**अमृत विचार।** बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर खास में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। शाम को दबंगों ने एक गर्भवती महिला और उसके परिजनों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गर्भवती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पीड़िता 5 माह की गर्भवती सविता पुत्री रामदत्त ने बताया कि 5 मार्च की शाम करीब 7:00 बजे गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि दबंगों ने उसके पेट पर लात मारी और बेरहमी से पिटाई की। सविता को बचाने आई उसकी भाभी पूजा और भाई रोहित को भी जमकर पीटा, जिससे उन्हें भी काफी चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण इकट्ठा हुए, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

परिजनों द्वारा आनन-फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ सविता की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की गुहार लगाई है। वहीं थाना प्रभारी भागमल का कहना है प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत में रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मामले में पीड़ित परिवार ने रोडवेज बस के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के जेवा गांव निवासी निर्मला पत्नी देशराज ने रोडवेज बस के चालक रवि सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी मरगया कदौरा जालौन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 27 फरवरी को सुबह 09 बजे पुत्र गजेंद्र कुमार मोटर साइकिल से अपने साथी फरमान अली पुत्र सौकत अली निवासी जेवां व रामवरन पुत्र गिरवर रैदास निवासी भूपतपुर थाना हरपालपुर जनपद हरदोई के साथ जा रहा था। बाइक सौकत चला रहा था। बाइक जलालपुर पनवारा ओवरब्रिज के नीचे पहुंची, तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को बुला कर तीनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा जहां रामवरन की हालत गंभीर देख उसे राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। अन्य दोनों घायलों को कानपुर रेफर किया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालात में हुई मौत

संवाददाता, छिबरामऊ

- अत्यधिक शराब पीना बताया जा रहा कारण, बिना पोस्टमार्टम की अंत्येष्टि
- अचानक मौत से पत्नी राजकुमारी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है

**अमृत विचार।** होली का त्योहार एक परिवार के लिए दुखद घटना लेकर आया। बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के कुडरा गांव निवासी एक युवक की अपनी ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की मौत अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुई है।


मृतक गोविंद की फाइल फोटो

कुडरा गांव निवासी गोविंद लोधी पुत्र ग्रीस चन्द्र सोमवार को अपनी पत्नी राजकुमारी के साथ होली मनाने के लिए अपनी ससुराल ग्राम गोंडा, जिला अमेठी गया था। वहां शुक्रवार को खुशियां गम में तब्दील हो गईं। गोविंद की पत्नी ने फोन पर परिजनों को सूचना दी कि गोविंद की मृत्यु हो गई है। मौत का कारण शराब का अत्यधिक सेवन बताया गया है।

सूचना मिलते ही मृतक का भाई रिंकू तत्काल अमेठी पहुंचा और शव को वापस अपने पैतृक गांव कुडरा लेकर आया। शनिवार सुबह सिंगी रामपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक गोविंद की शादी साल 2024 में हुई थी। उसका एक छोटा बेटा है, जिसका नाम राम है। युवक की अचानक मौत से पत्नी राजकुमारी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

महिला दिवस पर विशेष — तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की जिम्मेदारी निभा रहीं आईएएस वैशाली

# हौसलों की उड़ान से सरकारी सेवाओं में रोशन कर रहीं नाम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** महिला सशक्तीकरण का अभियान अपने चरम पर है। वर्तमान में जिले की बात करें तो निजी से लेकर सरकारी क्षेत्रों तक में महिलाएं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहीं हैं। सरकारी सेवाओं में भी कई महिलाएं अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहीं हैं। खास बात यह है कि इनको घर परिवार का भी खासा संबल मिला है। इनका कहना है कि हौसलों से कोई भी उड़ान भरी जा सकती है। बस जरूरत है लगन से लक्ष्य की ओर बढ़ने की। फिर कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं होती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिले में अहम पदों पर कार्यरत महिला अधिकारियों से उनकी सफलता की कहानी जानने की कोशिश की गई। पेश है एक रिपोर्ट...

### हिम्मत नहीं हारी और पा ली मंजिल


वैशाली।

कन्नौज सदर में सुश्री वैशाली जो आईएएस अधिकारी हैं उपजिलाधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहीं हैं। उनसे बात की गई तो बताया कि माता पिता की प्रेरणा व उनके समर्थन से वे आज इस मंजिल तक पहुंच सकी हैं। बताती हैं कि उनका वैकल्पिक विषय गणित था। इस सेवा में आने से पहले उन्होंने दिल्ली डीआरडीओ में टेक्निकल असिस्टेंट के तौर पर नौकरी की। इस दौरान लगातार मेहनत कर प्रयास करतीं रहीं जिसके फलस्वरूप पांचवें प्रयास में उनका आईएएस बनने का सपना पूरा हो गया। वे वर्तमान में शुरुआती प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की भी जिम्मेदारी निभा रहीं हैं। उनका कहना है कि महिलाएं कुछ भी कर सकतीं हैं, बस कभी हिम्मत न हारें और दिल से प्रयास करती रहें।

### बिना कोचिंग के लगन से बन गईं एआरटीओ


इज्या तिवारी।

जिले में एआरटीओ के पद पर लगभग चार वर्ष से कार्यरत इज्या तिवारी का जीवन संघर्षों की दास्तान है। जब मात्र 12 वर्ष की थीं तभी पिता ज्ञानप्रकाश तिवारी का बीमारी के चलते निधन हो गया। माता आशा तिवारी के कंधों पर जिम्मेदारी आन पड़ी, बच्ची को पालने के साथ उसका भविष्य बनाने की। इस पर उन्होंने बेटी के साथ खुद भी ग्रेजुएशन पूरी की। फिर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर बेटी को पाला। इज्या बतातीं हैं कि कक्षा 8 के बाद की पढ़ाई के बाद स्कूल से नाम कटवाने गईं थीं लेकिन प्रिंसिपल ने उनकी प्रतिभा पहचानी और फिर चार साल निशुल्क पढ़ाई करवाई। चूंकि सबकुछ अकेले करना था तो बिना किसी कोचिंग के पहले बैंक और फिर अपनी लगन से यूपीपीसीएस क्वालीफाई किया और आज इस पद पर हैं।

### स्वतंत्रता मिले तो कॅरियर बनाएं महिलाएं

जिले में कुछ ही महीने पहले वरिष्ठ कोषाधिकारी पद पर नीलम शर्मा की तैनाती हुई है। काम को लेकर खासी गंभीर नीलम बतातीं हैं कि शुरू से ही चाहत थी की आईएएस बनकर जनता की सेवा करें। इसका कारण था कि परिवार के ही रामसेवक शर्मा आईएएस अधिकारी थे। उनको देखकर ही इस दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया था। बुनियादी तौर पर रहने वाली नीलम की शिक्षा दीक्षा आगरा में हुई। सात भाई बहनों के बीच वे सबसे छोटी और लगनशील थीं। यही कारण था कि खूब मेहनत की जिसमें माता पिता का साथ मिला। इसका ही नतीजा रहा कि पीसीएस अलाइड क्वालीफाई कर कोषागार जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी उनको मिली जिसे बखूबी निभा रहीं हैं। उनका महिलाओं से कहना है कि स्वतंत्रता मिले तो कॅरियर बनाएं और अपने पैरों पर खड़ी हों। समाज में भी अपना योगदान दें।


नीलम शर्मा।

# 11 माह से मनरेगा, रोजगार सेवकों नहीं मिला मानदेय

संवाददाताजलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों को ग्यारह माह से मनादेय नहीं मिला है। मुख्यमंत्री के आदेशके बाद भी होली के त्योहार पर भी भुगतान नहीं किया गया। समय से भुगतान न होने के कारण गुस्साएं रोजगार सेवकों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है।

शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंच कर रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि विभागीय शिथिलता के चलते लगभग 11 माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न मिलने से इनके सामने आर्थिक व पारिवारिक संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं होली पर भी भुगतान न होने से कर्मियों की होली का रंग भी फीका पड़ गया। जबकि कर्मियों ने विभागीय कार्यों में क्राफ्ट सर्वे सहित अन्य कार्यों में अपना पूर्ण योगदान दिया। वही समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने ईपीएफ भुगतान कराने की मांग की। मानदेय न मिलने को लेकर मुख्यमंत्री ने आदेशदिया था कि सभी विभागों के कर्मचारियों को 28 फरवरी तक हर हाल में मानदेय का भुगतान कर दिया जाये। इस आदेशके बाद भी विभागीय लापरवाही से इन कर्मचारियों की होली फीकी रही। इस मौक पर विवेक कुमार पाठक, अनवर हुसैन, जयप्रकाश, शैलेश कुमार, शिवराज, अंजू देवी, राधिका कटियार, रुचि, वजरुल हसन, ऋषि कुमार, महेंद्र यादव, सुशांत कटियार, अतुल कुमार, सारिता गौतम, अक्षय कुमार, पूजा शर्मा, चंद्रशेखर, अजय कुमार शुक्ला, मंजू देवी, राजीव प्रजापति, शिवेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार यादव, मूलचंद, चेतराम आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में बच्चों के विवाद में हुई मारपीट

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के ममापुर गांव में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर शुक्रवार देर रात्रि दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हुए हैं। पीडिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ममापुर निवासी गीता पत्नी प्रमोद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले बच्चों के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते तिलसरी गांव के चार लोग उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब गीता ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आए किशन, प्रमोद और खुशी को गंभीर चोटें आईं। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीडिता गीता ने शुक्रवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और न्याय की गुहार लगाई है। सभी घायलों का पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।क्राइम इंचार्ज इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज में वीरपुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक डेढ़ वर्षीय मासूम भी शामिल है। घायलों को तत्काल नवाबगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रोशनाबाद निवासी आकांक्षा (20 वर्ष), रीना (35 वर्ष) और डेढ़ वर्षीय मासूम गोलू एक ही बाइक पर सवार होकर समेचीपुर स्थित अपनी बुआ के घर जा रहे थे। उनकी बाइक जैसे ही वीरपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सडक़ पर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद टक्कर मारने वाला दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर जुटे राहगीरों ने घायलों को एक निजी वाहन से नवाबगंज के निजी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में तीनों का उपचार जारी है।

### प्रदीप सक्सेना फिर बने सहकारी क्रय विक्रय समिति के सभापति

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को लाल गेट रेट गंज स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति के सभापति एवं उपसभापति के चुनाव संपन्न हुए। भारतीय जनता पार्टी ने सभापति पद पर पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप कुमार सक्सेना प्रत्याशी बनाया था जिन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया सभापति पद पर प्रदीप कुमार सक्सेना पुत्र ललित प्रसाद निवासी रखा नगला निर्विरोध दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं। उपसभापति पद पर नंदकिशोर पुत्र ब्रजराज किशोर एवं प्रतिनिधि पद हेतु कृष्ण दत्त,अमित कुमार,अशोक कुमार कटियार एवं कशिश निर्वाचित हुए हैं। इस नामांकन कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ भूदेव सिंह राजपूत आलू विपणन संघ सभापति विमल कटिहार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक मीरा सिंह ममता सक्सेना अभिषेक बाजपेई संतोष राजपूत विकास पांडे पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य जिला मंत्री अभिषेक बाथम पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

### नौ माह से 5 वर्ष के बच्चों को लगे खसरे के टीके

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योना में शनिवार को खसरा टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ज्योना के आरोग्य मंदिर में लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत बच्चों को खसरे के टीके लगाए गए। साथ ही, 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक भी दी गई। शिविर के दौरान ग्रामीणों को टीकाकरण और विटामिन ए के फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर कई लोग रहे।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## पति-पत्नी के विवाद के बाद मारपीट में घायल हुई विवाहिता ने तोड़ा दम ,जांच शुरू

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** पति-पत्नी के विवाद के बाद मारपीट में घायल हुई विवाहिता शिवानी (22) ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद महिला के मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। मामला अब पुलिस के दरबार में पहुंच गया है।



शिवानी।

महिला के मायके पक्ष का कहना है कि कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रेम नगर में घरेलू बातों को लेकर शिवानी और उसके पति विजय के बीच तीखा वाद-विवाद हुआ, विवाद बढ़ा और पति ने महिला शिवानी के साथ मारपीटकर शिवानी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए, जहां से गंभीर हालत में डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. प्रदीप राजपूत ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिलौली से पहुंचे मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर प्रताडित करने और हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई रजत ने बताया कि पड़ोसियों से उन्हें सूचना मिली थी कि उनकी बहन शिवानी की मारपीट के बाद हत्या की गई है। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। शिवानी का विवाह चार वर्ष पूर्व हुआ था और उसकी एक एक वर्षीय पुत्री भी है। विवाह के बाद से ही पति-पत्नी के बाद विवाद हुआ और शिवानी मायके चली गयी। एक वर्ष पूर्व एक समझौते के बाद वह ससुराल लौटी थी। आरोप है कि मृतका का पति कोई काम नहीं करता था, जिसके कारण आए दिन उनके बीच विवाद होता रहता था। मायके पक्ष ने बताया दो मार्च को शिवानी मायके से ससुराल आई थी और अब उसकी हत्या कर दी गयी

### किशोरी की इलाज के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद में एक किशोरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। किशोरी की मां ने अपने ससुर, देवर और देवर के बेटे सहित तीन लोगों पर मारपीट और जहर देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शमशाबाद क्षेत्र के नगला सेठ निवासी शीतला देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 6 मार्च को दोपहर में गैस सिलेंडर लेने शमशाबाद स्थित एजेंसी गई थीं। घर पर उनकी बेटी सरोजिनी अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपियों ने सरोजिनी को घर में अकेला पाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। जब शीतला देवी घर लौटीं और अपनी बेटी को घायल अवस्था में देखा तो उनके होश उड़ गए। वह गंभीर रूप से घायल सरोजिनी को कस्बे के एक निजी नर्सिंग होम ले गईं। वहां चिकित्सकों ने जहर का असर बताते हुए उसे फर्रुखाबाद रेफर कर दिया। परिजन सरोजिनी को फर्रुखाबाद के एक नर्सिंग होम ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया है कि किशोरी को जहर दिया गया था, जो उसकी मौत का कारण बना। शीतला देवी ने अपने ससुर हरी लाल, देवर पवन कुमार और पवन के बेटे प्रियांशु के खिलाफ शमशाबाद थाने में तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि परिजनों और निजी चिकित्सक की जानकारी के आधार पर सरोजिनी का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत का सही कारण स्पष्ट करने के लिए विसरा सुरक्षित रखा गया है। जांच में कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल व डीजल की कमी की अफवाह के कारण पेट्रोल पम्पों पर उमड़ी भीड़

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर भारत में साफ दिखाई देने लगा है। पेट्रोल व डीजल की कमी की अफवाह के कारण पेट्रोल पम्पों पर शनिवार को भारी भीड़ उमड़ी। ग्रामीण वाहनों के अलावा डिब्बों में ईंधन का भंडारण कर रहे हैं। पंप संचालकों ने कहा है कि पम्प पर ईंधन की कोई कमी नहीं है और आसानी से सबको सुलभ होगा।



अमृतपुर क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर भीड़। अमृत विचार

इस स्थिति के मद्देनजर, जिला पूर्ति विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। सभी पेट्रोल पंपों पर 24 घंटे डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि स्टॉक की कमी न हो। विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि वाहनों की टंकी के अतिरिक्त किसी भी खुले पात्र में पेट्रोल या डीजल की आपूर्ति नहीं की जाएगी। इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले पंप संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र के श्री सुरेंद्र दत्त द्विवेदी एचपी फिलिंग स्टेशन के मालिक भास्कर दत्त द्विवेदी ने बताया कि कंपनी या प्रशासन की ओर से ईंधन की कमी को लेकर कोई आदेश नहीं आया है। उन्होंने पुष्टि की कि पंप पर पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। द्विवेदी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अफवाहों और भ्रामक खबरों से बचें। उन्होंने कहा कि लोग केवल अपने वाहनों में ईंधन भरवाने के लिए ही पेट्रोल पंप पर आएं और किसी भी प्रकार के डिब्बे या बर्तन में ईंधन देने की अनुमति नहीं है। एक अन्य पेट्रोल पम्प के स्वामी अजय अवस्थी ने बताया कि ईंधन आसानी से सुलभ हो रहा है।

लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालकों ने संयुक्त रूप से लोगों से आग्रह किया है कि क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। इसलिए, घबराकर ईंधन का भंडारण न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# फर्रुखाबाद के लाल का लेह में निधन, शोक की लहर

फर्रुखाबाद संवाददाता

**अमृत विचार।** जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कलौली निवासी भारतीय सेना के जवान हवलदार कुलदीप यादव शहीद हो गए। हवलदार कुलदीप यादव 872 लाइट रेजिमेंट तोपखाना, नासिक में तैनात थे। इन दिनों उनकी यूनिट लेह के ग्लेशियर क्षेत्र में पाकिस्तान सीमा के पास प्रशिक्षण ले रही थी। बताया गया कि 2 मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे वह यूनिट ऑफिस में रिपोर्टिंग करने गए थे। वापस लौटते समय अचानक ग्लेशियर में दब गए। साथियों ने तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाकर उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

कुछ दिन इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार हुआ, लेकिन बृहस्पतिवार

- ग्लेशियर में दबने के बाद इलाज के दौरान तोड़ा दम

को यूनिट ऑफिस के गेट पर पहुंचते ही वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत लेह के सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात करीब 10:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। घटना की सूचना रात करीब 11 बजे परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। शहीद कुलदीप यादव के परिवार में पिता महेंद्र सिंह यादव,माता गेंदा देवी, पत्नी प्रियंका यादव, पुत्री मन्नत और पुत्र राम हैं।बताया गया कि कुलदीप यादव वर्ष 2011 में फतेहगढ़ में हुई सेना भर्ती के माध्यम से भारतीय सेना में भर्ती हुए। शनिवार शाम तक शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव कलौली पहुंचने की उम्मीद है।

# कमालगंज तिराहे पर गरजी जोसीबी, हटाया अतिक्रमण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को कमालगंज तिराहे के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर नगर क्षेत्र में बुल्डोजर चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। बता दें, अतिक्रमण हटाने की चेतावनी पहले ही दे दी गयी थी।



कमालगंज में अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन। अमृत विचार

कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों के जरिए सडक़ किनारे बनी अस्थायी दुकानों और अवैध ढांचों को हटाया गया। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरा हो गया था, जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर और कस्बों में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए अवैध अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां अवैध कब्जाधारियों में हडक़ंप मचा हुआ है।

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका कार्यालय का किया निरीक्षण

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा नगर पालिका परिषद कायमगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को जनता से सम्बन्धित कार्यों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने नगर पालिका कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन करते हुए कर वसूली, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गमन, सफाई व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई कराई जाए तथा नालियों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए तथा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के सभागार में सीपेज पाया गया ।

# पति-पत्नी को पीट कर घायल किया

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव सीडेचकरपुर में शनिवार को जमीनी विवाद के चलते एक दंपति पर हमला कर दिया गया। इस घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीडित्त महिला देवकी ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि गांव के चार लोग उनके घर के पास स्थित जमीन पर कब्जा करना चाहते थे। जब उसके पति बुलाकीराम ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला ने बताया कि जब वह अपने पति को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। हमले में दोनों को काफी चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल दंपति का इलाज कराया गया।

# भूमाफिया संजीव यादव पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में भूमाफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में कुख्यात भूमाफिया संजीव यादव के खिलाफ थाना शमसाबाद में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि आरोपी पर दबंगई के बल पर जमीन कब्जाने, फर्जी दस्तावेज तैयार कराने और लोगों को धमकाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूत्रों के अनुसार संजीव यादव पर लंबे समय से गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जा करने के आरोप लगते रहे हैं। आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी कागजात तैयार कर जमीनों पर कब्जा करने और विरोध करने वालों को धमकाने का काम करता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी की दबंगई के कारण क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था।

सूत्रों के अनुसार आरोपी और उसके साथियों की गतिविधियों पर पुलिस और प्रशासन की पहले से नजर थी। कई शिकायतें मिलने के बाद पूरे मामले की जांच की गई, जिसके बाद थाना शमसाबाद में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। जांच में यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# 93 शिकायतें, सिर्फ आठ निस्तारित

**कायमगंज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि की उपस्थिति में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 93 शिकायती प्रार्थना पत्र आए, जिनमें महज आठ का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

तहसील दिवस में राजस्व विभाग की 27 , पुलिस विभाग की 21, विद्युत विभाग की 15, विकास विभाग की 13, आपूर्ति विभाग की दो, नगर पालिका/नगर पंचायत की चार व अन्य विभागों की 12 कुल 93 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से आठ का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संवंधित अधिकारियो को दिये। इस मौके पर कई अधिकारी मौजूद रहे।

# केन्द्र सरकार ने खोई सामरिक स्वतंत्रता : सलमान खुर्शीद

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने केन्द्र सरकार की विदेशी नीति को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति 'नष्ट' प्राय हो गयी है। मोदी सरकार दबाव में काम कर रही है और मित्र का गलत कहने का साहस नहीं जुटा पा रही है। भारत की पारंपरिक विदेश नीति कमजोर हो चुकी है और वर्तमान सरकार अपनी 'सामरिक स्वतंत्रता' खो चुकी है।

कायमगंज स्थित अपने शीतगृह पर पत्रकारों से बात करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार अब स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है, बल्कि अन्य देशों के दबाव में काम कर रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीद का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका की ओर से 30 दिन की अनुमति दिए



सलमान खुर्शीद व लुईस खुर्शीद।

जाने की बात सामने आई थी, जो यह दर्शाती है कि भारत अपने फैसले खुद लेने में सक्षम नहीं रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के अपनी शर्तों पर काम करने के दावे को भी कटाक्ष करते हुए इसे समर्पण बताया।

इजराइल-गाजा संघर्ष पर भारत के रुख को लेकर भी सलमान खुर्शीद ने सवाल उठाए। खुर्शीद ने कहा कि कांग्रेस हमास के हमले का समर्थन नहीं करती, लेकिन मासूम बच्चों की जान जाने का विरोध करने का साहस भारत को दिखाना चाहिए। उन्होंने पूछा कि भारत का रुख इस मुद्दे पर स्पष्ट क्यों नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल यात्रा का भी जिक्र करते हुए कहा कि यह यात्रा हमले से पहले हुई थी। खुर्शीद ने सवाल किया कि इजराइल ने भारत को किस बात के लिए धन्यवाद दिया और क्या भारत की ओर से उन्हें किसी प्रकार का संकेत दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक सच्चे मित्र का कर्तव्य होता है कि वह गलत को गलत कहे, लेकिन मौजूदा सरकार में वह साहस दिखाई नहीं देता।खुर्शीद ने कहा कि आज की राजनीति में गठबंधन एक वास्तविकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि 10 साल तक चली यूपीए सरकार गठबंधन की ही सफलता का उदाहरण रही है।

अभियान

कमालगंज व अमृतपुर पुलिस ने सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाया अभियान

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज व अमृतपुर पुलिस ने अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। महिलाओं को हैल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी तथा पुलिस ने सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

कमालगंज क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।



महिलाओं को जागरूक करतीं कमालगंज थाने की महिला सिपाही।

जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को छेड़छाड़, उत्पीडन या घरेलू हिंसा की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 और महिला हेल्पलाइन 1090 पर शिकायत दर्ज कराने के बारे में बताया जा रहा है। उन्हें आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी पुलिस थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं।

इन केंद्रों पर महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाता है और उन्हें कानूनी सहायता भी प्रदान की जाती है।कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडेय ने बताया कि उनके थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मी प्रतिदिन बाजार में जाकर महिलाओं को 1090 हेल्पलाइन और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक कर रही हैं।अमृतपुर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने उन्हें महिला सुरक्षा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1098, 181, 112, 1090 और 1076 के बारे में विस्तार से बताया। टीम ने महिलाओं को किसी भी समस्या या उत्पीडन की स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, महिला संबंधी अपराधों से बचाव और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के बारे में भी जानकारी दी। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

# जमीन के कब्जे का विरोध करने पर किसान व पत्नी को पीटा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शमशाबाद में जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर शनिवार को किसान और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की गई। आरोपियों पर पत्नी के कपड़े फाडक़र लज्जा भंग करने का भी आरोप है। पीडित्त महिला की तहरीर पर शमशाबाद थाने में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना 6 मार्च को हुई।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गुटेटी दक्षिण निवासी सोमवती पत्नी राम गुलाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह पड़ोसी गांव शरीफपुर छिछनी के सात लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। जब सोमवती के पति राम गुलाम ने इसका विरोध किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए और लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट की। पति को बचाने पहुंची सोमवती को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। उन्होंने सोमवती के साथ मारपीट की और कपड़े फाडक़र लज्जा भंग करने का प्रयास किया। इस संबंध में पीडित्ता ने सात लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि पीडित्त महिला की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट और छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

## युवक ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत गांधीनगर में एक युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार धर्मवीर सिंह 46 वर्ष पुत्र मलखान सिंह निवासी गांधीनगर फ्रेंडस कालोनी ने विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक के पुत्र ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## ग्राइंडर की चपेट में आकर मजदूर हुआ घायल

**बकेवर।** नगर में शनिवार दोपहर एक निर्माणाधीन मकान में काम करते समय एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राइंडर मशीन से सरिया काटते समय उसकी दो अंगुलियां कट गईं, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम कुनैठा निवासी सुभाष चंद्र पुत्र रामदास बकेवर नगर के चौराहे पर स्थित एक मकान में ग्राइंडर से सरिया काटने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके हाथ की दो अंगुलियां कट गईं। गंभीर रूप से घायल सुभाष को तत्काल बकेवर के 50 शैय्या अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप गुलाटी के निर्देश पर इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने उनका प्राथमिक उपचार किया। सुभाष की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## छात्रवृति परीक्षा में चयन होने से बच्चों का हुआ सम्मान

**महेवा।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय उझियानी के पांच बच्चों का चयन होने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र यादव ने बताया कि विद्यालय की छात्रा प्रियांजलि पुत्री नरेश बाबू ने जिले में 8 वीं रैंक, रवि कुमार पुत्र वीर सिंह ने 26 वीं रैंक, नंदिनी कुशवाहा पुत्री गणेश शंकर 32 वीं रैंक, बीटू पुत्र संदीप 33 वी रैंक, चांदनी पुत्री लाल सिंह 35 वीं रैंक प्राप्त की है। होली के अवकाश के बाद शुक्रवार को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं इस अवसर पर शिक्षक डॉ मनोज कुमार, बाल कृष्ण, निधि, कीर्ति, गौरव तिवारी, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## जर्जर पुलिया पर लटका ईंटों से भरा डंपर

**भरथना।** क्षेत्र में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भरथना बकेवर मार्ग स्थित पाली बंबा चौराहे पर जर्जर पुलिया पर ईंटों से भरा एक डंपर अचानक संतुलन बिगड़ने से लटक गया। गनीमत रही कि डंपर पलटा नहीं और चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार डंपर पाली गांव की ओर स्थित एक ईंट भट्ठे से ईंट भरकर बकेवर की ओर जा रहा था। रात के समय अंधेरा होने के कारण पुलिया पर मोड़ते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे डंपर पुलिया के किनारे खतरनाक तरीके से लटक गया। समय रहते स्थानीय निवासियों ने डंपर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। सुबह होने के बाद एक दूसरा डंपर मंगाया गया जिसमें ईंटे लोड कर तथा पुलिया पर फंसे डंपर को बाहर निकालकर अपने गन्तव्य की ओर भेजा गया। उक्त घटना के चलते दोपहर करीब बारह बजे तक मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या बनी रही। डंपर बाहर निकालने के बाद यातायात सुचारू हो सका जिसके बाद लोगो ने राहत की सांस ली।

# लाभार्थियों का फीडबैक भी लें अधिकारी : जिलाधिकारी

### शेष शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर जल्द से जल्द निस्तारित करने के दिये निर्देश

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

कार्यालय संवाददाता इटावा



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सैफई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारी गावों के भ्रमण पर जायें अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील सैफई में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी सैफई, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**17 शिकायतें आईं, दो का मौके पर किया गया निस्तारण**

## गंदा पानी डालने के विरोध पर पिता और पुत्री को पीटा

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नागरीलोलपुर में दरवाजे पर खड़ी किशोरी के ऊपर नामजद आरोपितो ने पानी डाला तो किशोरी के पिता ने विरोध किया। इसपर आरोपितों ने पिता और पुत्री को मार पीट कर घायल कर दिया।

ग्राम नागरीलोलपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र डब्बली प्रसाद ने थाने मे प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चार मार्च शाम 5 बजे उसकी पुत्री प्रिया घर के बाहर खड़ी थी तभी संदेश पाल पुत्र सांय सिंह ने उसकी पुत्री के ऊपर गंदा पानी फेंक दिया, जिस पर उसकी पुत्री ने विरोध किया तो नामजद आरोपित लोग उसके साथ गाली गलौज करने लगे शोर सुनकर संतोष कुमार घर के बाहर आया तो उसने भी गंदा पानी डालने का विरोध किया।

इसपर संदेश ने अपने भाई अम्बरीश को मौके पर बुला लिया और मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर संदेश कुमार व अम्बरीश कुमार निवासीगण ग्राम नागरीलोलपुर थाना बकेवर इटावा के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

# अन्ना जानवर से टकराकर बाइक सवार की गई जान

कार्यालय संवाददाता इटावा

- सड़क के किनारे खड़े वृद्ध को ट्रक ने रौंदा

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना में बाइक सवार युवक की अन्ना जानवर से टकराने से मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में ट्रक ने सड़क के किनारे खड़े वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर उनका पोस्टमार्टम कराया है।

**पहली घटना** ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत हुई जहां अटिया निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र कुमार (26) पुत्र अवधेश कुमार शुक्रवार रात करीब 8 बजे अपने घर से बाइक से गुरुग्राम जाने के लिए निकला था। गुरुग्राम में वह एक प्राइवेट कंपनी में कार चालक के रूप में काम करता था और होली के त्योहार पर छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। गुरुग्राम वापस लौटते समय वह पहले कस्बा ऊसराहार आया और बाइक के कागजात लेने के बाद भरथना ऊसराहार मार्ग से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड होते हुए चौपला कट पर एक्सप्रेसवे पर चढ़ता इससे पूर्व रम्पुरा के पास अन्ना जानवर के अचानक बाइक के सामन आ जाने से वह टकराकर सड़क पर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही ऊसराहार थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी लेकर शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराज सिंह भाटी ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

**दूसरी घटना** इकदिल थाना क्षेत्र के गांव कराई पुरा के पास हुई। ग्राम पंचायत बरा खेड़ा के मजरा अड्डा अजुद्धि निवासी गोपाल 62 वर्ष पुत्र छुटकई घर का जरूरी सामान लेने के लिए मानिकपुर मोड़ ददोरा मार्ग पर आए थे। सामान खरीदने के बाद वह मानिकपुर चौकी के पास सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान ईंटो से भरे ट्रक ने रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वेतन न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों ने जताया विरोध

संवाददाता महेवा इटावा

- विरोध जारी रखने का लिया निर्णय और बीडीओ को सौंपा ज्ञापन
- पिछली दीपावली व इस बार होली में भी नहीं मिला वेतन



बीडीओ बृज बिहारी त्रिपाठी को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मनरेगा में कार्यरत कर्मी पिछली दीपावली एवं इस बार होली पर भी वेतन न मिलने से वह आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसी के चलते शनिवार को रोजगार सेवक संघ द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा उपायुक्त मनरेगा के नाम एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी महेवा बृज बिहारी त्रिपाठी को दिया गया और मांग की गई की अतिशीघ्र वेतन जारी किया जाये।

रोजगार सेवक संघ ब्लॉक महेवा के अध्यक्ष रविंद्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ल के नेतृत्व में संविदा कर्मियों ने ज्ञापन देते हुए सोमवार से अनवरत रूप से विरोध जारी रखने का निर्णय लिया। ज्ञापन में कर्मियों ने मांग की है मनरेगा कर्मियों की ड्यूटी एसआईआर / क्रॉप कटिंग से हटाई जाए तथा गत जुलाई 2025 से मानदेय तथा ईपीएफ नहीं मिला जबकि 12 राज्यों में उत्तर प्रदेश का काम श्रेष्ठ है। वह सभी लोग 09 मार्च को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। दिनांक 10 मार्च से 15 मार्च तक क्षेत्र के सांसदों, विधायकों, मंत्रीगणों से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। तदोपरांत 16 मार्च को मुख्यमंत्री से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। इस दौरान रोजगार सेवक राजीव कुमार, सौरभ शुक्ला, नरेंद्र कुमार तिवारी, बलवीर सिंह, विनीता देवी, इशू कुमार, कमलेश चंद्र, उमाकांति, उदयवीर सिंह, विश्वनाथ सिंह, सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## बसपा : संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**बकेवर।** शनिवार को बकेवर में औरैया रोड स्थित आंबेडकर पार्क में बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मंडल कॉर्डिनेटर विक्रम सिंह जाटव, नौशाद अली, इटावा जिला अध्यक्ष सुनील जाटव तथा विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र दोहरे सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान मूल रूप से बसइया निवासी और वर्तमान में लखना निवासी युवा नेता अभिषेक शुक्ला ने बहुजन समाज पार्टी की नीतियों में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वरिष्ठ नेताओं ने उनका फूल-माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि वे पूरी ईमानदारी के साथ बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचायेंगे।

# मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा

- सेविन सीज प्ले स्कूल में हुआ एनुअल अवॉर्ड कार्यक्रम
- प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को दिये प्रमाणपत्र और मेडल




बच्चों को सम्मानित करते विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विनीत विहार कॉलोनी में स्थित सेविन सीज प्ले स्कूल में एनुअल अवॉर्ड फंक्शन आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में विजयी रही नन्हीं मुन्नी मेधावी प्रतिभाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि थियोसोफीकल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनूप मिश्रा ने कहा कि नन्हें मुन्ने बच्चों को यदि उनकी बाल्यावस्था में ही ज्ञानपरक अच्छे विचारों और संस्कारों से जोड़ दिया जाए तो वे एक दिन अच्छे नागरिक बनकर देश और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। मुझे आज इस प्ले स्कूल में आकर यहां के छोटे बच्चों को देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि विद्यालय के प्रबंधन, प्रिंसपल और शिक्षकों द्वारा उनकी प्रतिभा को निखारने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर ओवरऑल बेस्ट लर्निंग में एलकेजीके अदित व आरोही, यूकेजी के रियांश को बेस्ट लर्नर, यूकेजी की दिविशा को हैंड राइटिंग, फर्स्ट क्लास के नील एवं शान्वी जैन को ओवरऑल बेस्ट डांसिंग, नर्सरी के हृदयांश बेस्ट आर्ट्स/क्राफ्ट, नर्सरी के ही मानिक को बेस्ट ओरल, पृथ्वी को बेस्ट अटेंडेंस व अन्य बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट तथा सेविन हिल्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने भी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। सेविन सीज प्ले स्कूल की डायरेक्टर व प्रिंसिपल साक्षी दुबे ने सभी अतिथियों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार जताया।

# मारपीट की घटनाओं में दस लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दस लोग घायल हो गए, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर मोड़ विष्णु पेट्रोल पम्प के पास दबंगों ने मारपीट कर सौरभ यादव निवासी अशोक नगर थाना फ्रेंडस कालोनी, संदीप यादव निवासी रणवीर नगर थाना फ्रेंडस कालोनी व अंकुर निवासी तुलसीनगर थाना फ्रेंडस कालोनी को घायल कर दिया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत पृथ्वीपुर निवासी रवि पुत्र कल्लू व भोले शंकर को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत उधन्नपुरा निवासी रंजू देवी पत्नी सर्वेश कुमार को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत रमपुरा कुड़रिया निवासी उमेश चन्द्र व सीमा पत्नी उमेश चन्द्र को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत लीटेपुर निवासी कुंती देवी पत्नी सुनील कुमार को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

## दो दिवसीय सरस मेला कल से

**इटावा।** उपायुक्त स्वतः रोजगार विनय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्व-निर्मित उत्पादों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाये जाने हेतु 9 व 10 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे से राजकीय इंटर कालेज के बाहरी परिसर में दो दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया गया है। सरस मेले में अधिक संख्या में समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादों के स्टॉल लगाये जायेंगे। उक्त मेले में उत्पादों पर विशेष छूट प्रदान की जायेगी।

# धर्म की शरण में मिलता है समस्याओं का हल

संवाददाता महेवा इटावा

- गायत्री परिवार के तीन दिवसीय कार्यक्रम का दूसरा दिन
- भाजपा नेता शिव महेश दुबे ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ



पूजन करते भाजपा नेता शिव महेश दुबे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम बहेड़ा स्थित संस्कार इंटर नेशनल स्कूल में चल रहे गायत्री परिवार के तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आयोजित हो रहे नौ कुण्डीय यज्ञ के दूसरे दिन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के कानपुर बुंदेल खंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पूजा अर्चन कर शुभारंभ किया।

गायत्री परिवार के ब्लॉक समन्वयक सुरेन्द्र कुमार तिवारी के संयोजन में आयोजित हो रहे नौ कुण्डीय यज्ञ के दूसरे दिन आज की समस्या और उनके समाधान विषय पर दुबे ने कहा कि आज एकल परिवार, पर्यावरण प्रदूषण, लालच, माया जाल में उलझा हुआ मानव आदि ऐसी समस्याएं है जिनका समाधान धर्म की शरण में जाकर ही संभव है। गायत्री परिवार ऐसी संस्था हैं जिसमें सर्व धर्म जाति सब एक समान को मानता है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दुबे का अभिषेक तिवारी द्वारा स्वागत किया गया। वहीं इस अवसर पर अश्वनी तिवारी, कुलदीप तिवारी, पवन आदि मौजूद रहे। रविवार को अंतिम दिन कार्यक्रम में सभी प्रकार के संस्कार तथा पूर्ण आहुति कार्यक्रम होगा ब्लॉक समन्वयक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने क्षेत्र के लोगों से धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठाने का आह्वान किया है।

**आयोजन** | भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने कराया होली मिलन समारोह

# सामाजिक समरसता का अनूठा पर्व है होली

कार्यालय संवाददाता इटावा



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते नीरज व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा द्वारा राहतपुरा स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय सभागार में होली मिलन का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें होली गीत, कविताओं के साथ इस फागुनी पर्व के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ।

शाखा के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारतीय किसान संघ जयपुर प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री नीरज ने कहा कि सेवा, संपर्क, सहयोग, संस्कार और समर्पण के सूत्र लेकर भारत विकास परिषद देश और समाज की सेवा के लिए सतत समर्पित है, जो राष्ट्र प्रथम की भावना का जनजागरण कर लोगों को मातृ भूमि की वंदना के लिए प्रेरित कर रहा है। होली का पर्व भी हमें सामाजिक समरसता से जोड़ता है, जो भारत की विविधता में एकता की संस्कृति का अनूठा उदाहरण है। इस अवसर पर आशाराम मिश्रा, केके यादव, सीता मिश्रा, विमला तिवारी, राजीव दीक्षित, सुधीर मिश्र, देवेश शास्त्री, विनोद त्रिपाठी, समीक्षा चौधरी ने होली से जुड़े गीतों, कविताओं और भजनों को सुनाकर खूब रस वर्षा की। सभी ने एकदूसरे को गुलाल लगाकर तथा फूल बरसाकर परस्पर होली की शुभ कामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने किया तथा संयोजक घनश्याम तिवारी ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान संघ की अध्यक्ष मंजू दीक्षित, अखिल भारतीय टोली के प्रचार प्रमुख राजीव दीक्षित, किसान संघ महानगर जयपुर के अध्यक्ष प्रहलाद चौधरी, विश्व मांगल्य सभा की महामंत्री प्रियंका, धर्मार्थ सेवा शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, सचिव महेश कुमार बाथम, कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा के अलावा एस एन दुबे, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, वी के सिंह, डा. जेके तिवारी, रनवीर सिंह गौर, शैलेन्द्र सिंह राठौर एडवोकेट, अवधेश सविता, बीएन मिश्रा, राजेश मिश्रा, धीरज अग्निहोत्री, रमाकांत पाठक, जितेंद्र शुक्ला, डा. आशीष दीक्षित, डॉ. बिंदू सिंह, रीना राठौर, सुशीला तिवारी, उत्तरा दीक्षित, ममता तिवारी, प्रतिभा अवस्थी, रेनू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## अवैध खनन करते एक ट्रैक्टर सीज

**जसवंतनगर।** थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम धरबार में मिट्टी का खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को सीज कर दिया। मौके पर पहुंचे खनन विभाग के अधिकारी ने ट्रैक्टर संचालक पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया।

थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर सूचना मिली थी कि ग्राम धरबार क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक यशवीर सिंह तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर मिट्टी का अवैध खनन करते हुए पाया गया, जिसे पुलिस ने तत्काल कब्जे में लेकर सीज कर दिया। इसके बाद मामले की सूचना खनन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे खनन अधिकारी बृजविहारी ने जांच के बाद ट्रैक्टर संचालक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन नहीं होने दिया जायेगा।



फूलों की प्रजातियों के बारे में जानकारी लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# छात्रों को फूलों व जंतुओं की दी जानकारी

संवाददाता बकेवर इटावा

- जनता कॉलेज बकेवर में आयोजित हुई नेचर वॉक

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज में प्रो. डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन में परास्नातक तथा स्नातक छात्रों के लिए एक नेचर-वॉक का आयोजन किया गया। जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. अत्रि गुप्ता ने छात्रों को कॉलेज कैंपस में मौजूद जन्तुओं और फूलों की प्रजातियों की पहचान करने में मदद की।

नेचर-वॉक के दौरान अत्यधिक जैव विविधता देखी गई, जिसमें 30 तरह के पौधे, 5 तरह की तितलियां, 3 तरह की मधुमक्खियां, 3 तरह की मकड़ियां, 15 तरह के पक्षी, एक तरह के एम्फीबिया, 4 तरह के मैमल्स और दो तरह की रात्रिचर स्पीशीज़ देखी गईं। जंतु विज्ञान विभागध्यक्ष डॉ. ललित गुप्ता और प्राध्यापक असित कुलश्रेष्ठ ने वॉक के दौरान सक्रियतापूर्वक सहभागिता की। छात्रों ने वॉक के बारे में पॉजिटिव फीडबैक दिया और स्पीशीज़ की पहचान करने में बहुत जोश दिखाया।

डॉ. अत्रि गुप्ता ने पक्षियों की आवाज़ सुनकर उनकी पहचान करने में भी उनकी मदद की। चित्रा, शहनुमा, श्वेता, तनु, छवि, आशीष आदि छात्र एवं छात्राओं की विशेष उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### जालौन में समाधान दिवस में आईं 19 शिकायतें

**जालौन।** जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण के लिए तहसील सभागार में एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 19 फरियादियों ने अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण आदि से संबंधित अपनी-अपनी शिकायतों को पंजीकृत कराया। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक पांच शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग की चार, विकास विभाग व बिजली विभाग की दो-दो, नगर पालिका दो, जिला कृषि विभाग, लघु सिचाई, आबकारी विभाग आदि से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गईं। पंजीकृत शिकायतों में राजस्व विभाग की तीन और आबकारी विभाग की एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 15 शिकायतों को संबंधित विभाग को सौंपकर एक सप्ताह में शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके तहसीलदार अमित शेखर, बीडीओ अरुण कुमार, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, नायब तहसीलदार सतेन्द्र गुप्ता, गौरव कुमार, डॉ. राजीव दुबे, पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार, जेई बिजली नवीन कंजोलिया, जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव आदि रहे।

### आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**फफूंद, औरैया।** नगर फफूंद के ऐतिहासिक श्री महावीर धाम मंदिर परिसर में रविवार, 8 मार्च से अध्यात्म का महाकुंभ सजने जा रहा है। श्री हनुमंत लाल के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन समिति के अनुसार, 9 मार्च सोमवार से मुख्य कथा का वाचन प्रारंभ होगा, जो निरंतर 15 मार्च तक चलेगा। इसके पश्चात 16 मार्च को हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ इस महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। आयोजन की विशेषता यह है कि भक्तों को एक ही पांडाल में दो महान कथा व्यासों के मुखारविंद से ज्ञान अर्जन का अवसर मिलेगा। सुप्रसिद्ध सरस कथा वाचक आचार्य पंडित सत्य किशोर पाण्डेय भागवताचार्य दोपहर 1 बजे से सायं गोधूलि वेला तक श्रीमद् भागवत महापुराण का रसपान कराएंगे। वहीं, रात्रि 8 बजे से मानस सरस आचार्य पं. रामानुज ब्रह्मचारी जालौन वाले के द्वारा प्रभु श्री राम के पावन चरित्र पर आधारित 'रामकथा' का वाचन किया जाएगा। श्री संकट मोचन मंदिर समिति के निवेदक मंडल ने क्षेत्र की समस्त मातृशक्ति, संतवृंद और धर्मप्रेमी जनता से विनम्र अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठें अधिकारी : डीएम

## संपूर्ण समाधान दिवस: शिकायतों का स्वयं संज्ञान लेकर पारदर्शिता पूर्ण करें निस्तारण

संवाददाता, बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** शासन की मंशा के अनुरूप समस्त अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक बैठकर आमजन की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुने और यथा संभव उनका निस्तारण शीघ्रता से कराये, जिससे आमजन को व्यर्थ में दौड़ना न पड़े और अनावश्यक धनहानि न हो और निस्तारण में गुणवत्ता के साथ-साथ साक्ष्यों को सर्वोपरि रखा जाये जिससे निस्तारण की परदर्शिता बनी रहे। उक्त निर्देश जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने तहसील बिधूना सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान समस्त जनपद, तहसील तथा विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों को दिए।

साथ ही उन्ळोंने यह भी निर्देश दिए कि जनसुनवाई पोर्टल, तहसील दिवस के दौरान प्राप्त आवेदनों में आवेदक से वार्ता कर उनकी समस्या को सुनें और अवश्यकता के अनुसार स्थलीय निरीक्षण भी करें, ताकि निराकरण से आवेदक संतुष्ट हों। इस अवसर पर प्रार्थिनी गंगाश्री पत्नी स्व. राम प्रकाश निवासी कुदरकोट ने अवगत कराया कि प्रार्थिनी के पति स्व. रामप्रकाश तहसील बिधूना में चपरासी पद से रिटायर हुए थे तथा पेंशन भोगी कर्मचारी थे किंतु पति की मृत्यु के उपरांत प्रार्थिनी ने परिवारिक पेंशन हेतु कोषागार औरैया में आवेदन किया, जहां से सत्यापन आख्या मांगी गई थी प्रार्थिनी ने करीब डेढ़ माह पूर्व सत्यापन आख्या हेतु आवेदन प्रशासनिक अधिकारी के यहां जमा किया परंतु अभी तक उक्त आवेदन पर आख्यां नहीं लगाई गई है, जिससे प्रार्थिनी की पारिवारिक पेंशन नहीं बन पा रही है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि प्रार्थिनी के आवेदन पत्र पर सत्यापन आख्या लगवाने की कृपा करें, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बिधूना को निर्देश दिये कि उक्त प्रकरण को सात दिवस के अंदर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। प्रार्थिनी कंचन देवी पत्नी स्वर्गीय पवन प्रकाश निवासी पूर्वा भग्गा ने अवगत कराया कि प्रार्थिनी के पति पवन प्रकाश पुत्र स्वर्गीय तुलसीराम की मृत्यु 25 जुलाई 2024 को हो चुकी है मृतक की जमीन ग्राम पूरा मौजा धुपकरी में है मौजा पूरा की भूमि की विरासत दर्ज हो चुकी है परंतु ग्राम धुपकरी की भूमि की विरासत अभी तक दर्ज नहीं की गई है वर्तमान में लेखपाल चंद्र कुमार हैं। इसके पूर्व लेखपाल सत्येंद्र सेंगर को कई बार कहा गया परंतु वरासत दर्ज नहीं की साथ ही पूरा ग्राम के लेखपाल द्वारा विरासत दर्ज कर दी गई है। प्रार्थिनी के मृतक पति की मौजा धुपकरी की भूमि की विरासत दर्ज करवाने की कृपा करें। इस पर



फरियादियों की शिकायत को सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

- स्थलीय परीक्षण के उपरांत ही निष्पक्षता के साथ निस्तारण करते हुए दोनों पक्षों को करें संतुष्ट

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बिधूना को निर्देश दिए कि आज ही विरासत दर्ज कराना सुनिश्चित करें। साथ ही बिधूना तहसील के लेखपाल सत्येंद्र सेंगर को नक्शा दुरुस्ती, विरासत दर्ज न करने तथा तहसील दिवस में अनुपस्थित रहने सहित विभागीय कार्यों में रुचि न लेने व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए निलंबन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी बिधूना को दिए। इस अवसर पर 149 विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 11 आवेदन पत्रों का त्वरित निस्तारण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनकिया, उप जिलाधिकारी न्यायिक बिधूना अमित कुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी सीपी सिंह, तहसीलदार बिधूना शर्मनानन्द, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी व लेखपाल मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से टूटा रेलवे क्रासिंग का बूम

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित अछल्दा रेलवे स्टेशन की क्रासिंग संख्या 13-बी पर शनिवार दोपहर तेज गति से आए ट्रैक्टर की टक्कर से रेलवे फाटक का बूम क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद करीब 50 मिनट तक क्रासिंग बंद रहने से दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। आरपीएफ मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12:02 बजे गेटमैन क्रासिंग का फाटक बंद कर रहा था। उसी दौरान बिधूना की ओर से आलू से लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली कस्बा फफूंद स्थित कोल्ड स्टोर की ओर जा रहा था। गेटमैन द्वारा बूम बंद किए जाने के दौरान ट्रैक्टर चालक ने जल्दबाजी में ट्रैक पार करने की कोशिश की, तभी ट्रैक्टर की टक्कर बंद हो रहे फाटक से हो गई। टक्कर लगते ही फाटक का बूम तिरछा होकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना गेटमैन ने तुरंत स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलते ही रेलवे चौकी की आरपीएफ टीम मौके पर पहुंच गई। आरपीएफ कांस्टेबल देवेंद्र सिंह और हरेंद्र सिंह ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चालक को हिरासत में ले लिया। फाटक टूट जाने के कारण क्रासिंग करीब 50 मिनट तक बंद रही, जिससे हरींगज-फफूंद मार्ग, सराय बाजार, स्टेशन रोड और नहर बाजार तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम इतना अधिक था कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। बाद में रेलवे स्टाफ की टीम ने क्षतिग्रस्त बूम को दुरुस्त किया, जिसके बाद दोपहर 12:50 बजे फाटक खोला गया और दोनों ओर से वाहनों का आवागमन बहाल हो सका। जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

- लगा लंबा जाम, आरपीएफ ने चालक को हिरासत में लिया

### आज कई मोहल्लों में ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**जालौन।** रविवार को भी नगर के कई मोहल्लो की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग द्वारा परिवर्तकों की मरम्मत की जानी है। उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सचान ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ जाती हैं जिससे ट्रान्सफार्मरों पर भार बढ़ जाता है, जिससे फाल्ट की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसी के चलते विभाग उनमें आई कमियों को दुरुस्त कर रहा है, जिससे सुबह दस बजे से चार बजे तक सदर बाजार, रामचबूतरा ,मिर्जमण्डी, रावगंज सहित कई मोहल्ला प्रभावित रहेंगे।

## शराब पीकर साधू से की गाली गलौज

**बेला औरैया।** थाना बेला क्षेत्र के गांव भवानीपुर में दारु के नशे में धुत आरोपी ने बाबा को गाली गलौज कर जानमाल की धमकियां दीं, पीड़ित बाबा ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है।

थाने में दी तहरीर में वयोवृद्ध साधू नरेन्द्र निवासी भवानी पुर पिपरौली शिव थाना बेला ने बताया कि वह बीती रात 8:00 बजे अपनी पत्नी के साथ अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी मेरे गांव के दबंग ने मेरे दरवाजे पर आकर दारू के नशे में मुझे व मेरी पत्नी को गाली गलौज की जब उन्होंने आरोपी को गाली गलौज करने से मना किया तो वह जानमाल की धमकियां देकर झगड़ा करने पर अमादा हो गया, पीड़ित साधु ने यह भी बताया कि दबंग आरोपी पहले भी कई बार इसी तरह गाली गलौज कर चुका है, जिससे वह आतंक के साये में जी रहा है, पुलिस ने पीड़ित साधू को जांच व कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# झाड़ियों में मिला किशोर का शव, हत्या का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** जनपद जालौन के थाना गोहन क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोर का शव झाड़ियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान फईम पुत्र नईम खान निवासी ग्राम पंचायत नवीपुर, थाना गोहन के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार 6 मार्च 2026 को लगभग शाम 4:30 बजे ग्राम पंचायत सहाव से गोहन जाने वाले मार्ग पर सरावन मेले के ठीक सामने सड़क किनारे झाड़ियों में एक किशोर का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। नईम खान ने बताया कि उनका बेटा फईम 15 वर्ष 5 मार्च 2026 को सरावन से बदनपुरा की ओर गया था, जिसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि 5 मार्च को ही उन्होंने थाना गोहन में अपने बेटे के लापता होने की सूचना दी थी, लेकिन थाना प्रभारी द्वारा उनके साथ अभद्रता करते हुए उन्हें थाना परिसर से भगा दिया गया। वहीं मृतक के परिजनों ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार सुंदर सिंह उर्फ बबलू, विक्रम, प्रमोद और मंगल निवासी बदनपुरा ने फईम को घर से बुलाकर बंधक बना लिया और उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और आक्रोश के चलते सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। करीब पांच घंटे तक रास्ता बाधित रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ राकेश सोनी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



फईम। अमृत विचार

- परिजनों ने चार लोगों पर जताया हत्या का शक

### चोरों ने पार किया माल, सोते रहे परिजन

**कालपी जालौन।** शुक्रवार रात चोरों ने बलवान सिं के घर में धावा बोला। यहां से चोर घर के बक्से, अलमारी तोड़ कर पत्नी व रिश्तेदार महिला के जेवर और नकदी लेकर चंपत हो गये। जबकि घर में गृह स्वामी के साथ सभी परिजन और रिश्तेदार सो रहे थे। शनिवार सुबह जागने पर घर का सामान बिखरा पड़ा देख तथा घर का मुख्य दरवाजा खुला होने पर उन्हें घटना का पता चला था। घर से नकदी और आभूषण गायब देख उसने मामले की सूचना पुलिस को दी थी।

जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। गृह स्वामी बलवान सिंह यादव के मुताबिक चोरो ने 22 हजार रुपये नकद के साथ पत्नी और भान्जे की पत्नी के सोने चांदी के आभूषण ले गये, जिनकी कीमत लाखों में है। वहीं पुलिस ने मामले को संदिग्ध बताया है। कहा फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है।

# भाजपा के होली मिलन में उड़ा गुलाल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तुर्कीपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर उत्साह और उमंग के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। दोपहर करीब एक बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

पार्टी कार्यालय के बाहर विशाल टेंट लगाकर साउंड सिस्टम और गाजे-बाजे की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर और गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को सम्मानपूर्वक रंग लगाकर भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। समारोह में करीब 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ राजेश कुमार अग्निहोत्री, जिला महासचिव मनमोहन सिंह सेंगर, पूर्व सैनिक संघ से जगमोहन सिंह चौहान, आशीष दुबे, अमर सिंह राजपूत, सतेन्द्र गौतम, श्याम सिंह कुशवाहा, सौरभ राजपूत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सिंह चौहान, प्रतिमा अवस्थी, नीता सेंगर, श्रद्धामनु चौहान और मनु राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, महामंत्री कौशल किशोर राजपूत, शिव सिंह भारती, धीरेंद्र सिंह गौर, दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा, बाबरपुर-अजीतमल ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे, अछल्दा ब्लॉक प्रमुख शरद राना, अनिल शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता और श्रीकांत पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे।



होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

### दिबियापुर के मोहित ने 'सूबेदार' फिल्म में निभाई अहम भूमिका

**दिबियापुर, औरैया।** ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 5 मार्च को रिलीज हुई फिल्म 'सूबेदार' में दिबियापुर के मोहित त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। करीब ढाई घंटे की इस फिल्म में मोहित, प्रसिद्ध अभिनेता अनिल कपूर की बेटी के बॉयफ्रेंड का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। मोहित त्रिपाठी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिबियापुर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। कॉलेज के दौरान ही वे थिएटर सोसायटी 'द फेयर्स' से जुड़ गए, जहां उन्होंने अभिनय की बारीकियां सीखीं। शुरुआती दौर में मोहित को काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें विज्ञापन फिल्मों में काम मिलने लगा। दिल्ली में करीब 15 वर्षों तक थिएटर में सक्रिय रहने के बाद उन्होंने वर्ष 2023 में मुंबई का रुख किया। मोहित ने फीचर फिल्म 'सबका साईं', ऑस्कर प्रीलिम्स में गई फिल्म 'मौन' और अन्य परियोजनाओं में भी अभिनय किया है। फिल्म 'सूबेदार' में मोहित त्रिपाठी ने अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। हालांकि फिल्म मुख्य रूप से अभिनेता अनिल कपूर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सूबेदार अर्जुन का किरदार निभा रहे हैं।



मोहत त्रिपाठी।

# अब पांच मिनट में धुली जायेगी कार

**फफूंद, औरैया।** शुक्रवार को दिबियापुर रोड फफूंद में बाईपास के नजदीक आटोमेटिक जयरा डिटेलिंग कार वाश का फीता काट शुभारंभ हुआ।

इस आटोमेटिक जयरा कार वाश का उद्घाटन हवन पूजन के बाद मुख्य अतिथि अध्यापक अखिलेश कटियार ने फीता काट कर किया। इसके गाड़ियों की आटोमेटिक मशीन से धुलाई की गई। इस दौरान प्रबंधक राम चंद्र राजपूत ने बताया हमारे यहां आटोमेटिक मशीन द्वारा पांच मिनट में कार वाश का संतोषजनक काम होगा। वहीं आटोमेटिक वाश मशीन को देखने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इस मौके पर शिवम वर्मा, प्रेम कुमार, अमित पाण्डेय, श्याम सुंदर, अनुज कुमार, हिमांशु चौबे, कुलदीप दुबे मंडल अध्यक्ष, मोनू अग्निहोत्री, अमन पाठक, शोभित पाण्डेय, अंकित कुशवाहा,नवाव सिंह यादव,योगेश सिंह समेत तमाम लोग वहां पर मौजूद रहे।



मशीन का शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

- आटोमेटिक जयरा कार डिटेलिंग वॉश सेंटर का किया गया शुभारंभ



अपने-अपने मॉडलों के साथ मौजूद छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

## प्रयोग व नवाचार से ही मिलता है वास्तविक ज्ञान

**जालौन।** नगर स्थित महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में शनिवार को विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने वैज्ञानिक एवं सामाजिक विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रदर्शनी में लगभग 40 प्रोजेक्ट लगाए गए, जिनमें विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के उपयोग, जल संरक्षण तथा सामाजिक विषयों को मॉडल के माध्यम से समझाया गया। विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट को देखने के लिए विद्यालय में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और शिक्षकों ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी के आयोजन में अध्यापिका अनुपमा एवं संगीता का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नई सोच विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रयोग और नवाचार से ही वास्तविक ज्ञान प्राप्त होता है। विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रमुख छात्र-छात्राओं में पायल, नेहाल, माधव, आरोही, देव, अंश पचौरी, सोम सिंह राजावत, हरेंद्र, शांतनु, अंश गुप्ता, कार्तिक, अनुष्का, अनुष्का भदौरिया, राधिका, शिवन्या, दीपिका, गौरी, रूद्र, युक्त तिवारी, गौरी गुप्ता, मानसी, दीपक, सानिया, अंजना, मोहिनी, स्वर्णिम, अभय, आकृति, कुशल आदि रहे।

## संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन

**फफूंद, औरैया।** भारतीय जनता पार्टी फफूंद मंडल की पहली बैठक नगर के एक गेस्ट हाउस में नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष कुलदीप दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता और मंडल प्रभारी अवधेश शुक्ला ने नई कार्यकारिणी के गठन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। प्रमोद कुमार तिवारी और विष्णु दत्त शुक्ला ने भी संगठन के अनुभव साझा किए। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री, सुधांशु अग्निहोत्री, प्रबल शर्मा, सत्येंद्र शुक्ला, रामकिशन कुशवाहा, मानवेन्द्र पोरवाल, राजीव राजपूत, कमलेश कुशवाहा, शैलेन्द्र कुशवाहा, विमल चौहान व मिथलेश आदि रहे।

होली मिलन समारोह | सपा सांसद आदित्य यादव भी रहे मौजूद , 2027 में होने वाले चुनाव को लेकर भरा जोश

# सपाइयों ने लिया सरकार बनाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शहर के साईं मंदिर धर्मशाला में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर तथा फूलों की होली खेलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

सपा के होली मिलन समारोह में जबरदस्त उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बदायूं सांसद आदित्य यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मीडिया प्रभारी शोभित यादव उर्फ हीरू ने मुख्य अतिथि आदित्य यादव को माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान आदित्य यादव ने सपाइयों को सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।

इस मौके पर दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव , विधूना विधायक रेखा वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद सहित कई वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सांसद आदित्य यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच रहकर उनके मुद्दों को उठा रहे हैं और यही कारण है कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की एकता का संदेश देता है। सांसद आदित्य यादव ने एसआईआर को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि यह पूरी प्रक्रिया पक्षपातपूर्ण दिखाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में जाति और धर्म के आधार पर वोट काटने की कोशिश की गई, लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सजगता दिखाते हुए इस कोशिश को विफल करने का काम किया है। समारोह के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया।



सांसद का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

### युवक ने लगाई फांसी लगाकर दी जान

**अजीतमल औरैया।** हरपालपुर निवासी अखिलेश कुमार (35) पुत्र मेवा लाल ने घर के बाहर बने कमरे में मफलर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि अखिलेश की दो शादियां हुई थीं, लेकिन किसी कारणवश दोनों पत्नियां उन्हें छोड़कर चली गई थीं। शुक्रवार शाम वह घर के बाहर बने कमरे में गए और अंदर से कुंडी बंद कर ली। कुछ देर बाद भाई की बेटी मीना उन्हें खाना खाने के लिए बुलाने पहुंची, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद मिला। शक होने पर परिजनों ने दरवाजे की दरार से झांककर देखा तो अखिलेश छत में लगे बांस से मफलर के फंदे पर लटके दिखाई दिए। यह देखकर परिवार में हड़कंप मच गया और तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 व स्थानीय पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


**कार्यालय नगर पंचायत राजापुर, जनपद-चित्रकूट**

पत्र संख्या - 1127/ न0पं0 राजापुर/2025-26 दिनांक- 07/3/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत राजापुर में पेयजल योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु पंचायत में पंजीकृत ठेकेदार अथवा जो पंजीकरण हेतु निर्धारित अर्हता रखते हो आमंत्रित ई-निविदायों में प्रतिभाग कर सकते है। ई-निविदा के माध्यम से निविदाएं दिनांक 07/3/2016 से 27/3/2016 तक समय अपरान्ह 02: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई-निविदायों की दिनांक 27/3/2026 को तकनीकी विड अपरान्ह 04: 00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी ई-निविदायें खोले जाने के पूर्व उसी दिनांक को अपरान्ह 03.00 बजे तक ई-निविदायें के साथ अपलोड किये गये अभिलेखों की स्व प्रमाणित प्रति नगर पंचायत कार्यालय में रखें शीलबन्द निविदा बाक्स में डाली जायेगी। ई-निविदायें प्रपत्रों की प्रति प्राप्त न होने वाली ई-निविदायें पर विचार नही किया जायेगा। ई-निविदायें में निर्धारित ई-निविदायें शुल्क व 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद नगर पंचायत राजापुर के (इंडियन बैंक) खाता संख्या- 50075199845 आई.एफ.एस.सी. कोड नं0 IDIB000R527 में जमा की जायेगी। जिसकी सूचना http://letendar.up.nic.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदायें सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी अध्यक्ष

नगर पंचायत राजापुर, चित्रकूट

## न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर खड़ा चार पहिया वाहन चोरी

कुरारा(हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के झलोखर गांव से बीत रात घर के बाहर खड़ी ईको स्पोर्ट चार पहिया वाहन अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाने में दी है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र शिवदास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को रात में गाड़ी ईको स्पोर्ट को जिसका पंजीयन संख्या यूपी 77 ए डी 7357 है। इसको अज्ञात चोर चोरी करके ले गए है। इसकी खोजबीन की है। लेकिन कही इसका पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### पुलिस कार्यवाही से असंतुष्ट परिजनों ने सीओ से रोया दुखड़ा

मौदहा(हमीरपुर)। बीते तीन दिन पहले छेड़खानी मामले की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग करने पर पुलिस ने मामूली झगड़े का मुकदमा दर्ज कर दिया। जिससे नाराज परिजनों ने क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक मां ने गांव के रामेश्वर यादव पर अपने और अपनी नाबालिग बेटी के साथ अश्लीलता और छेड़छाड़ की शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने मामूली मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जिससे असंतुष्ट पीड़िता ने तहसील दिवस में क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराने की मांग की है।

### सीएचसी केंद्र संचालक को पीटा

सुमेरपुर(हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम पचखुरा बुजुर्ग में शराब पीने के लिए रुपए देने से मना करने पर दो युवकों ने सीएचसी केंद्र संचालक और उसके भाई को लोहे की राड से पीट कर लहुलुहान कर दिया। साथ ही दुकान में तोड़फोड़ करते हुए कंप्यूटर आदि तोड़ डाले। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी मोहित सिंह ने बताया कि गत 5 मार्च की शाम 7 बजे वह अपने सीएचसी सेंटर में भाई आकाश सिंह के साथ बैठा था। तभी गांव निवासी सचिन और हीरालाल आए और शराब पीने के लिए एक हजार रुपये मांगे। मना करने पर गाली-गलौज करके लोहे की राड से हमला कर लहूलुहान कर दिया और केंद्र में रखा कंप्यूटर आदि तोड़ दिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### चार लोगों पर मारपीट करने की तहरीर दी

बिवांर (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी दुर्गेश पत्नी भीमशंकर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अपनी देवरानी शैलजा के साथ खेत में फसल की कटाई कर शाम 7 :00 बजे करीब वापस घर आ रही थी। तभी रास्ते में कुलदीप पुत्र जगभान वर्मा अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर डंडे से मारपीट करने लगा। लोगों ने बीच बचाव किया। पति के साथ आरोपी के घर उलाहना देने पर कुलदीप, उसकी बहन काजल व मां रामजानकी, पिता जगभान ने अभद्रता करते हुए मिलकर लाठी डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट की। महिला के देवर स्वयं प्रकाश को पकड़ कर घर के अंदर कमरा में बंद कर दिया। पड़ोसियों की एकत्र हुई भीड़ के कहने पर उसे कमरे से बाहर निकाला। महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर शिक्षक की मौत

## गहतौली के प्राथमिक विद्यालय में था तैनात, स्कूल जाते समय हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार की सुबह विद्यालय जा रहा प्राइमरी का सहायक अध्यापक भमौरा, गहतौली के मध्य गेट संख्या 39 को पार करते समय मालगाड़ी के चपेट में आकर जान से हाथ धो बैठा। मृतक अध्यापक की एक माह पूर्व ही गहतौली में तैनाती हुई थी। मृतक अपने पीछे वृद्ध माता-पिता, पत्नी, तीन पुत्री एवं एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक अपने मां-बाप की इकलौती संतान था।



मृतक शिक्षक सुरेंद्र।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिड़रा गांव का मूल निवासी हाल मुकाम नगर के रमेड़ी सुरेंद्र यादव (42) की तैनाती हेलापुर के प्राथमिक विद्यालय में थी। शिक्षकों से विवाद करने पर उसको निलंबित कर दिया गया था। एक माह पूर्व उसको बहाल करके प्राथमिक विद्यालय गहतौली में तैनात किया गया था। शनिवार को सुबह करीब 10:00 बजे यह बाइक से भमौरा एवं गहतौली के मध्य बने रेलवे गेट संख्या 39 में पहुंचा, उस समय गेट बंद था। यह बाइक को खड़ी करके गेट के नीचे से घुसकर रेलवे ट्रैक में पहुंच गया। ट्रैक को पार करते समय यह गुजर रही मालगाड़ी से टकरा गया। इसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे-पिता कालका प्रसाद, मां, पत्नी गीता देवी, पुत्री दिव्यांशी, तेजस्विनी, मानसी तथा पुत्र आर्यन को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक शिक्षक अपने मां-बाप की इकलौती संतान था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिक्षक की लापरवाही के चलते हादसे का शिकार हुआ है। सुमेरपुर खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने बताया कि हेलापुर में तैनाती के दौरान अभिभावकों की शिकायत पर जांच के बाद नवंबर माह में निलंबित किया गया था। एक माह पूर्व बहाल करके नई तैनाती गहतौली में की गई थी। इस हादसे के बाद शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मायके आ रही महिला के साथ लाखों की टप्पेबाजी

बिवांर (हमीरपुर)। एक सप्ताह पहले ससुराल से मायके आ रही महिला को टप्पेबाजों ने अपना शिकार बनाते हुए लाखों रुपयों के जेवरात से भरा पर्स पार कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है।

थानाक्षेत्र के छेड़ी बसायक गांव निवासी शंकरलाल की पुत्री कल्ली उर्फ काजल की शादी कोतवाली हमीरपुर के कजियाना मोहाल में हुई थी। बीते 28 फरवरी को महिला अपने पिता के साथ ससुराल से मायके ऑटो वाहन यूपी 91 एटी 3286 में सवार होकर कस्बे की ओर आ रही थी। चालक ने तीन सवारियां एक सवारी ललपुरा, दो सवारी स्वासा से बैठाईं। महिला के बच्चे के रोने पर पर्स को बगल में रख दिया। तीनों सवारियां छानी गांव में उतर गईं। महिला के कस्बे में पर्स के देखने पर पर्स के अंदर पड़ा छोटा पर्स गायब मिला। बताया कि छोटे पर्स में छह सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने की बाली, चांदी की एक जोड़ी बिछिया, एक जोड़ी पायल और तीन हजार रुपये पड़े थे। महिला ने अज्ञात युवक के टप्पेबाजी करने की थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है जांच का कार्य कर कार्रवाई की जाएगी।

# विक्षिप्त युवक ने पेट्रोल डाल खुद को फूंका, मौत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के बिदोखर मेदनी गांव में एक युवक ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर परिजनों सौंप दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच है।



राहुल।

बिदोखर मेदनी गांव निवासी मुन्नीलाल प्रजापति ने बताया कि उसका पुत्र राहुल प्रजापति (28) मानसिक रूप से कमजोर था। इसी को लेकर वह आए दिन घर में झगड़ा करता था। बताया कि शनिवार को सुबह करीब 8:00 बजे वह घर से खेतों की तरफ निकल गया और नहर पटरी के किनारे जाकर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। खेतों में काम कर रहे लोगों ने उन्हें सूचना दी। जिस पर वह मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर परिजनों को सौंप दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, इलाज के दौरान मौत

कुरारा (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के बिलौटा ग्राम पंचायत के मजरा धनीराम का डेरा निवासी युवक ने अज्ञात कारण के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर गए। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के धनीराम का डेरा गांव निवासी युवक हुकुम सिंह (25) पुत्र हनुमान ने शुक्रवार को शाम पांच बजे खेतों की तरफ जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता के साथ मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर कर रहा था। अचानक हुई इस घटना से कोहराम मच गया तथा मृतक दो भाइयों में छोटा था। वह अविवाहित था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

## करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत, कोहराम

राठ (हमीरपुर)। क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत बसवारी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते करंट लगने से 15 वर्षीय एक किशोर की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किशोर के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचीं पुलिस के द्वारा आज शनिवार को मृतक किशोर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

मुस्करा थाना अंतर्गत बसवारी गांव का निवासी 15 वर्षीय युवक नीशू पुत्र धर्मेन्द्र जो कि अपने घर पर घरेलू कार्य कर रहा था। तभी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों के चलते करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के समय मृतक किशोर नीशू अपने घर में अकेला था। उसकी मां पड़ोस में ही कहीं चली गई थी। जबकि उसका पिता धर्मेंद्र गुजरात राजकोट में मजदूरी करता है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक नीशू अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। जो कि हाईस्कूल का छात्र था। वहीं अचानक हुई इस घटना से मृतक युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक नीशू की मां रजनी सहित अन्य सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मांमले की जांच कर रही है।



मृत बच्चे को लिए परिजन। अमृत विचार

# पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने ढाया कहर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मारपीट के दौरान जमीन पर पटकने से दुधमुंहे बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर जमकर कहर ढाया। इतना ही नहीं दबंगों ने महिलाओं के साथ मारपीट और अश्लीलता करते हुए तीन माह के दुधमुंहे बच्चे को जमीन पर पटक दिया था। जिससे बीस घंटे चले इलाज के बाद दुधमुंहे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरदना निवासी प्रमोद कुशवाहा पुत्र रामेश्वर ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गुरुवार शाम करीब साढे छह बजे पुरानी रंजिश मानते हुए गांव के श्याम बाबू, रोहित उर्फ़ तुर्रा, राहुल, सुरेश रामप्रकाश आदि ने उसके घर पर हमला कर दिया और उसके साथ महिलाओं को भी बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं आरोपियों ने तीन महीने के दुधमुहें बच्चे को भी जमीन पर पटक दिया। जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से बच्चे की हालत नाजुक होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल से हायर सेंटर कानपुर के लिए रेफर किया गया था। जहां पर एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। वहीं कोतवाली पुलिस ने मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। लेकिन अब हत्या की धारा भी जोड़ने की बात कही जा रही है। वहीं कोतवाली पुलिस ने मासूम के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## महिला से अभद्रता

कुरारा (हमीरपुर)। बेरी गांव निवासी विधवा सरोज पत्नी स्व. लक्ष्मी नारायण सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कृषि भूमि बेतवा नदी के किनारे स्थित है। जिसका गाटा संख्या 747 है। इसमें लाही की फसल बो रखी है। पांच मार्च को गांव के ही आपराधिक किस्म के व्यक्ति राजेश सिंह व इसके पुत्रों कुलदीप सिंह व नीरज ने मेरे खेत से लाही की हरी फसल काटकर हार्वेस्टर निकलने के लिए रास्ता बना ली है। जब इसकी जानकारी हुई तो पुत्र पवन व नाती बद्री सिंह मौके पर गए। तो उनसे गाली गलौज कर अभद्रता की। तो दोनों डरकर वापस घर आ गए। पीड़ित महिला ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण की शुरुआत

संवाददाता मौदहा (हमीरपुर)

- विकासखंड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** विकासखंड सभागार में दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और सचिवों को ई-ग्राम स्वराज, जेम पोर्टल, पीएफएमएस व एसएनए-स्पर्श पोर्टल के संचालन एवं उपयोग की जानकारी दी गई।

उपनिदेशक मंडल परवेज आलम खान के दिशा-निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पंचायतों में वित्तीय पारदर्शिता, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के लिए संदर्भ सामग्री जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (पीआरसी) चित्रकूट और महोबा के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। सीनियर रिसोर्स सेंटर प्राची गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 80 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

जिसमें ग्रामों के प्रधान, पंचायत सहायक और संबंधित सचिव शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत अमर सिंह यादव ने किया। अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायतों में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को और मजबूत बनाना है।



प्रशिक्षण में मौजूद सचिव, ग्राम प्रधान आदि। अमृत विचार

# राठ में संदिग्ध हालात में वृद्ध की हुई मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सड़क पर चलते चलते आराम करने के लिए रुका था वृद्ध

**अमृत विचार।** कस्बे के सीएचसी से इलाज कराकर निकले एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते कुछ देर के बाद मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक व्यक्ति के परिवार में कोहराम मच गया।

मुस्करा थानाक्षेत्र के छानी बांध गांव निवासी गंगाराम (75) पुत्र कलियां शुक्रवार को इलाज कराने के लिए कस्बे के सीएचसी में आया था। इलाज करा कर लौटने के बाद कस्बे के ब्लॉक गेट के पास मुख्य सड़क पर अचानक वह एक दुकान पर आराम करने के लिए रुक गया। कुछ देर बाद उसकी संदिग्ध अवस्था में वहीं पर मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता को जुखाम बुखार संबंधी समस्या उत्पन्न हुई थी। जिसका वह इलाज करने के लिए अस्पताल आए हुए थे। बताया कि गंगाराम के पास दो एकड़ जमीन थी। जिस पर खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी ब्रह्मा रानी के अलावा पुत्र प्रमोद, नंदराम और पुष्पेंद्र सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# वकील ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्यार में मिली बेवफाई से आहत अधिवक्ता ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता के शव को फंदे से उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को कमरे से 14 लाइन के सुसाइड नोट मिला है, जिसमे आत्महत्या की कहानी लिखी है।



अधिवक्ता डीपी यादव।

- पुलिस को कमरे से 14 लाइन का सुसाइड नोट हुआ बरामद

सदर कोतवाली क्षेत्र के अमन शहीद मोहल्ले में राधेश्याम पाल के मकान में थाना कुरारा के कुसमरा गांव निवासी अधिवक्ता डीपी यादव (35) किराए पर रहते थे। डीपी यादव अभी होली वाले दिन अकेले ही वृंदावन घूमने गए थे। गुरुवार की रात ही उनकी वापसी हुई थी। शुक्रवार को कचहरी खुली थी, लेकिन डीपी यादव अपने काम पर नहीं पहुंचे थे। शाम को डीपी यादव के कमरे को बंद देख मकान मालिक को शक हुआ। दरवाजे की सांसों से झांककर देखा गया तो अंदर फंदे पर शव लटका था। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। थोड़ी ही देर में मौके पर अधिवक्ताओं का जमावड़ा लग गया। पुलिस ने कमरे से 14 लाइन का एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें 11 साल पुराने रिश्ते में महिला मित्र से मिली बेवफाई से आहत होकर फांसी लगाने का जिक्र है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर मृतक अधिवक्ता के शव को पोस्टमार्टम कराया है। मृतक वकील डीपी यादव अविवाहित था।

हालांकि जल्द ही उसकी शादी होने की चर्चा भी चल रही थी। सदर कोतवाली प्रभारी पवन पटेल ने बताया कि कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है जिसकी जांच की जा रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।



अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन देते अल हिंद पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को सेनानी पेंशन दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** आजादी की पहली लड़ाई में शहीदी, पीड़ित और बलिदानी परिवारों के वंशजों को 1857 स्वतंत्र सेनानी पेंशन और मान-सम्मान लागू करने सहित 14 सूत्री मांगों को लेकर अल हिंद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है।

अल हिंद पार्टी के जिलाध्यक्ष मंगीलाल वर्मा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में उन्होंने 1857 के प्रत्येक शहीद पीड़ित और बलिदानी परिवारों के वंशजों को स्वतंत्रता सेनानी पेंशन और मान-सम्मान लागू करने सहित 14 सूत्री मांग शामिल है। इस दौरान सहाय नागर, रामकृपाल वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

आयोजन | तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने की

# संपूर्ण समाधान दिवस में दो दर्जन शिकायतें दर्ज, तीन का निस्तारण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर के तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए दो दर्जन से अधिक मामलों में केवल तीन का ही मौके पर निस्तारण हो सका। जिससे फरियादियों के चेहरों में मायूसी दिखाई दी।

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने की। इस मौके पर कुल 25 मामले आए, जिसमें केवल तीन मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इस मौके पर ग्राम माचा व कम्हरिया के किसानों ने नहर में पानी न छोड़े जाने की शिकायत की। इससे कम्हरिया, माचा, सिलौली सायर व पाटनपुर समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसान प्रभावित हो रहे हैं।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने नहर में जल्द पानी छुड़वाने की मांग की है। मराठीपुरा के बच्चा लाल ने बताया कि मोहल्ले की सार्वजनिक भूमि पर लगे शीशम के पेड़ को मोहल्ले के दबंगों द्वारा काटकर घर में रखने की शिकायत की। मुस्करा निवासी जमीला पत्नी बबलू ने ऑनलाइन राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन करने के बाद भी राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत की। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय व तहसीलदार शिखर मिश्रा समेत क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम,एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस

संवाददाता सरीला(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्माकी अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में 45 शिकायत दर्ज की गई। जिसमें 7 शिकायतोंका मौके पर निस्तारण हो गया।

समाधानदिवस में अधिवक्ता संघ ने सरीला से छिबौली एवं सरीला से खेड़ा शिलाजीत गांव तक खराबसड़क को चौड़ीकरण के साथ निर्माण कराए जाने, लोधीपुरा गांव की रजनी देवी ने आंगनबाड़ीसहायिका पद पर नियुक्ति दिए जाने, गोहांड की अनुसूईया ने अंत्योदय राशन कार्ड पर कोटेदारद्वारा राशन न दिए जाने, उमरिया गांव की प्राजंलि ने रुकी हुई विधवा पेंशन दिलाए जानेके संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। पहरा गांव की दिव्यांग वृद्ध प्रेमरानी मारपीट कीशिकायत करने पहुंची तो जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने व्हीलचेयर दी। व्हीलचेयर पाकरवृद्ध महिला का चेहरा खुशी से खिल उठा। इस दौरान 45 शिकायत दर्ज की गई। जिसमें 7 शिकायतोंका मौके पर निस्तारण किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सक्षम केंद्रोंकी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट वितरित किये। इस मौके पर एसडीएम बलराम गुप्ता, तहसीलदाररविन्द्र पाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी इंद्रपाल सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट वितरित करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध की रोकथाम के लिए आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की चेकिंग और उनकी गिरफ्तार करने के लिए चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार ओझा व उपनिरीक्षक कन्हैयालाल पटेल मय हमराह हेड कांस्टेबल लालचन्द्र व कांस्टेबल हंसराज ने वांछित अभियुक्त नीरज सिंह( 19 ) पुत्र गुड्डू सिंह व गोविन्द सिंह ( 42 ) पुत्र तिलक सिंह निवासीगण अतरारमाफ गावं को कैमहा तिगैला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है।

### ऑटो की टक्कर से युवक घायल

**अमृतपुर।** थाना अमृतपुर क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि एक सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। हरसिंहपुर गहलवार के पास रात्रि करीब 9 .50 बजे एक ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल युवक की पहचान कनिकापुर, थाना राजेपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। सुनील अमृतपुर से अपने गांव की ओर जा रहे थे, तभी हरसिंहपुर गहलवार के पास एक अज्ञात नंबर के ऑटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने पर थाना अमृतपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया और उसे थाने ले जाया गया

### बाइक सवार ने ई-रिक्शा चालक को पीटा

**फर्रुखाबाद।** घुमना बाजार में रास्ते को लेकर हुए विवाद में एक बाइक सवार युवक ने ई–रिक्शा चालक की पाइप से पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में घुमना बाजार के पास बाइक सवार युवक ई–रिक्शा चालक को पाइप से पीटता हुआ दिखाई दे रहा है। इस दौरान कुछ लोगों ने बीच–बचाव करने का भी प्रयास किया। विवाद रास्ते से निकलने को लेकर शुरू हुआ था।

# समाधान दिवस पर 9 शिकायतें निस्तारित

## सदर तहसील में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, महोबा



समाधान दिवस पर शिकायत सुनते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कियाकिया गया, जहां पर डीएम के अलावा पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर आई 65 शिकायतें में से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों को संबन्धित विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और यदि शिकायत निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। डीएम ने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाली प्रत्येक शिकायतों को कागज पर नही बल्कि धरातल पर समय सीमा के अन्तर्गत ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को अपनी समस्या के लिए इधर उधर न भटकना पड़े। कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता और उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार की उपस्तिथि में 20 शिकायतें आई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उधर तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता और उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार की उपस्तिथि में हुए समाधान दिवस में 73 में से 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

### 73 शिकायतों में मात्र दो का मौके पर हुआ निस्तारण

**कुलपहाड़।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुईन उल इस्लाम की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार की मौजूदगी में तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर पनवाड़ी के टिकरिया निवासी अखिलेंद्र पुत्र भुजवल ने नमामि गंगे की निर्मित टंकी में तैनात आपरेटर के मनमाने तरीके से पानी छोड़ने की शिकायत पर की गई मारपीट पर शिकायत दर्ज कराई, तो वहीं अजनर निवासी रामकुवंर ने विधवा पेंशन की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा रामगोपाल सहित समस्त काश्तकार मुढ़ारी ने चक मार्ग खुलवाने की मांग की सहित 73 शिकायतों आई, जिसमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपकर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, पूर्ति निरीक्षक राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कुरान मुकम्मल होने पर हाफिज का इस्तकबाल

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

- तरावीह खत्म होने के बाद देर तक चलता रहा नातिया कलाम का सिलसिला

**अमृत विचार।** पवित्र माह रमजान के मुबारक मौके पर पुरवनपुरा की मस्जिद में हाफिज खालिद साहब ने प्रतिदिन कुरान सुनाकर कल पूरा किया। रात में कुरान सुनने के लिए मस्जिद में भारी भीड़ जुटी। आखिरी दिन कुरान मुकम्मल करने के बाद तकरीर का आयोजन किया गया और मस्जिद में आए सभी लोगों को तबर्रुख भी वितरित किया गया। रात में काफी देर तक नातिया कलाम का सिलसिला जारी रहा।

हाफिज आरिफ साहब ने खिताब करते हुए कहा कि कुरान वह आसमानी किताब है, जिसमें सब कुछ बताया गया है। जरूरत है इसे तर्जुमे के साथ पढ़ने की। उन्होंने कहा कि कुरान पढ़ने से रमजान माह में एक कुरान का सवाब 70 कुरान के बराबर मिलता है। इसी तरह एक नेकी करने पर 70 नेकियों का सवाब मिलता है, इसलिए हर मुस्लिम भाई को इस माह में ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने चाहिए, इस माह में गीबत से बचना चाहिए।

कुरान मुकम्मल होने पर नमाजियों में काफी उत्साह देखने को मिला। चांद रात से शुरू हुई इस तरावीह का सिलसिला कुरान मुकम्मल होने के बाद समाप्त हुआ। इस दौरान मस्जिद कमेटी व अकीदतमंदों ने हाफिज खालिद व हाफिज आरिफ का फूल माला पहनाकर व गले मिलकर मुबारकबाद दी और तोहफा व नजराना पेश कर उनका सम्मान किया। तरावीह मुकम्मल के बाद हाफिज साहब ने फातिहा पढ़कर मगफिरत व जहन्नुम से निजात पाने की दुआ कराई। कार्यक्रम के दौरान हाफिज साहब ने नात-ए-शरीफ पेश की। मुल्क में अमन चैन व सलामती के लिए सामूहिक दुआ मांगी। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के नसीम मास्टर साहब, हाजी शावान अली मास्टर, इमाम बख़्श, गुड्डू मास्टर, सालू, इरफान, अरबाज, आशु, यूनुस, इमरान मास्टर सहित हाफिज हसन साहब, हाफिज हमीद साहब आदि मौजूद रहे।

# फसल बीमा का भुगतान न होने के विरोध में किसानों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की उठाई मांग

**अमृत विचार।** जय जवान जय किसान एसोसिएशन ने फसल बीमा की धनराशि का वितरण न किए जाने और फर्जी बीमा प्रकरणों की जांच कराए जाने की मांग को लेकर शनिवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया साथ ही चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के अंदर प्रधानमंत्री फसल बीमा का भुगतान नहीं किया गया तो एसोएशन के पदाधिकारी और किसान जोरदार आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएंगे। धरना उपरांत किसानों ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनाई गई जीरो टॉरेंस नीति यह संदेश देती है कि किसी भी स्तर पर अनियमितता या शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जबकि बीमा कंपनी खुलेआम फर्जी तरीके से किसानों की भूमि पर दूसरे लोगों के नाम बीमा कर रही है। पात्र किसानों की बीमा पाल्सियां निरस्त कर दी गई। खरीफ फसल 2025 के अनेक किसानों का बीमा क्लेम अभी तक लंबित है। आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों को तत्वकाल राहत प्रदान करने के लिए शीघ्र निस्तारण कर भुगतान किया जाए।

रबी फसल 2024 फर्जी बीमा एवं क्लेम घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। काकुन, कीरतपुरा, चिचारा, बरायं, बरबई आदि गांव में रबी फसल 2024 में बीमा माफियाओं ने किसानों की भूमि पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बीमा करा लिया और क्लेम राशि भी प्राप्त कर ली, जबकि पात्र किसानों को बीमा राशि का कोई लाभ नहीं मिला, इस बावत उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बाद आज तक असली किसानों को फसल बीमा का लाभ नहीं मिला। संबन्धित बीमा माफिया और संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जय जवान जय किसान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह राजूपत, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# संविदा कर्मियों ने समस्याओं को बताया

कार्यालय संवाददाता, महोबा



विधायक को ज्ञापन सौंपते संयुक्त राष्ट्रीय मिशन कर्मचारी संघ के लोग। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन सदर विधायक को सौंपा

**अमृत विचार।** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने शनिवार को संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा, वेतन नीति निर्धारण कर विसंगति दूर करने, स्थानातण नीति सहित तमाम समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। संघ के पदाधिकारियों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन सदर विधायक राकेश गोस्वामी को सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

सदर विधायक को दिए ज्ञापन में बताया कि एनएचएम कार्मिकों को स्वास्थ्य बीमा, ईपीएफ ग्रेच्युटी सहित समस्त सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिलाया गया। मध्यप्रदेश की तरह स्पष्ट एवं पारदर्शी वेतन नीति निधारित कर विभिन्न पदो पर कार्यरत कर्मियों के बीच वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए साथ ही वेतन निर्धारण में सेवा अवधि की अनिवार्य रुप से सम्मिलित कर वार्षिक वेतन वृद्धि और अनुभव का लाभ प्रदान किया जाए। मांग की गई कि स्थानातरण नीति बनाते हुए गृह जनपद से दूर कार्यक्रम कर्मियों को उनके अनुसार तैनाती दी जाए। प्रदेश के कुल बजट का न्यूनतम नौ से दस प्रतिशत भाग स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सुनिश्चित किया। आईपीएचएस मानको के अनुसार आबादी के अनुपात में नवीन पदो का सृजन कर एनएचएम कर्मियों को अन्य राज्यों की भांति प्राथमिकता के आधार पर समायोजित किया जाए।

ज्ञापन में ऐसे कर्मियों को स्वास्थ्य समिति व आउटसोर्स सेवा निगम में समाहित किया जाए, जिससे सेवा सुरक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। एनएचएम पर लागू मानव संसाधन नीति एवं श्रम कानूनों का पूर्ण पालन कर नियमित जीआरसी बैठकों का आयोजन करने, प्रत्येक वर्ष संविदा नवीनीकरण की व्यवस्था समाप्त कर दीर्घकालीन एकमुश्त संविदा प्रणाली लागू किए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार लाल, मोहम्मद अंसार, अभिषेक सिंह, रामकुमार वर्मा, शिवकुमार, कैलाश, ज्ञान देवी, राजेश, पीयूष कुमार, रिचा धुरिया, प्राची, मधुवाला सक्सेन सहित तमाम संघ के लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम का जोरदार स्वागत

कार्यालय संवाददाता, महोबा



डिप्टी सीएम का स्वागत करते विधायक व अधिकारी। अमृत विचार

- सदर विधायक ने जिला अस्पताल की समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को कराया अवगत

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड क्षेत्र का दौरा कर रहे उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक शनिवार को छतरपुर के बागेश्वर धाम जाते समय उनके काफिले का कानपुर सागर हाईवे पर शहर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के समीप जोरदार स्वागत किया गया।

डिप्टी सीएम के आने का निर्धारित समय सुबह 11 बजे था, लेकिन करीब आधा घंटा पहले ही वह पहुंच गए। इस आकस्मिक बदलाव की वजह से कई भाजपाई और अधिकारी उनसे मुलाकात नहीं कर सके। विधायक राकेश गोस्वामी ने स्पष्ट किया कि यह कोई आधिकारिक दौरा नहीं था, बल्कि बागेश्वर धाम जाते समय एक संक्षिप्त पड़ाव था। इस दौरान विधायक ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने डिप्टी सीएम को जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और संसाधनों की आवश्यकता से अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री ने जिले की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार जिले के विकास और स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने बताया कि जनता की मांग पर ही यहां 200 बेड का अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर स्वीकृत किया गया है। डॉक्टरों की कमी पर उन्होंने कहा कि जल्द ही तैनाती की जाएगी साथ ही, उन्होंने वादा किया कि वे जल्द एक विशेष दौरे पर दोबारा महोबा आएंगे।

# दो लोगों की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर दो लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतकों के परिजनों ने कोतवाली कुलपहाड़ में अलग अलग तहरीर देकर घटना का पर्दाफाश किए जाने की मांग की है।

कस्बा कुलपहाड़ में शुक्रवार की रात को सोनकपुरा मुहाल निवासी धर्मदास (80) छत पर बने कमरे में सो रहा था। शनिवार को सुबह उसका शव छत के नीचे पड़ा होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। कोतवाली इंचार्ज विकास तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, इसके बाद पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के लमौरा गांव और बछेछरखुर्द के बीच एक युवक का शव पाया गया। मृतक की शिनाख्त धीरत (23) पुत्र नीरज सोनी मोहल्ला बजरिया जैतपुर के रुप में की गई। परिजनों ने बताया कि पिछले दो दिनों से धीरज सोनी लापता था। काफी तलाश करने के बाद कोई सुराग न लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। धीरज का शव मिलने से कोहराम मचा है।

# बाइक चोरी करते युवक को पकड़ा

**महोबा।** जिला अस्पताल में अपने भाई का इलाज कराने आए ग्रामीण की बाइक को एक चोर चोरी करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए चोर को तीमारदारों ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी को कोतवाली लाई और उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की। सौजना गांव निवासी सुरेंद्र अपने बीमार भाई को बाइक से जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दिखाने आया था और उसने बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी की थी और जल्दबाजी में लॉक खुला छोड़ दिया था। तभी एक युवक ने इसी का फायदा उठाकर बाइक चुराने की कोशिश की।। पकड़े गए आरोपी की पहचान कहरा गांव निवासी गोपाल उर्फ बउआ के रूप में हुई है। आरोपी ने खुद को निर्दोष बताया है।

### फास्टफूड की ठेलिया में आग लगने से मचा हड़कंप

**महोबा।** कस्बा श्रीनगर के मुख्य बाजार में फास्ट फूट की ठेलिया रखे एलपीजी सिलिंडर मे अचानक आग लग गई। कस्बे के मोहल्ला मनोहर गंज निवासी अमित रैकवार पुत्र लालदिवान मुख्य बाजार में चाउमीन, बर्गर, पेटीज आदि फ़ास्ट फूट की ठेलिया लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। प्रतिदिन की तरह वह ठेलिया में फास्टफूड तैयार कर रहा था, तभी सिलिंडर में अचानक आग लग गई, जिससे पास रखी बोरी व अन्य सामान में आग में जलने लगा। दुकानदार ने शोरशराबा मनाया, लेकिन आग देख वहां मौजूद लोग सहम गए, लेकिन कुछ दुकानदारों ने धैर्य और विवेक का प्रयोग करते हुए एक दुकान में रखे अग्निशमन यंत्र को लाए और आग बुझाई तब जाकर दुकानदार व अन्य लोगों ने चैन की सांस ली। वहीं दुकानदारों का कहना है कि गर्मियों में आगजनी की घटनाएं ज्यादा होती है।


**यू०पी० प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि०**
कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई–10, कानपुर (केन्द्रीय भण्डार)
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
उद्योग कुंज रोड नियर हलुआखाड़ा (रजवाहा)
नौरैया खेड़ा (नहर कोठी), दादा नगर, कानपुर–208022
CIN : U15209UP1976SGC004285

पत्रांक:–2937/पी.सी.एल./पी.एम.–10/कानपुर दिनांक: 07.03.2026

अल्पकालीन ऑफलाइन निविदा सूचना

Proposed LMO to Manifold MGPS Works at Government Medical College, Auraiya हेतु इस कार्यालय की निविदा सूचना सं0-24/PM-10/UPPCL/2025-26 दिनांक 07.03.2026 द्वारा ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा इकाई कार्यालय में दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 16.03.2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है।
ऑफलाइन निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की इकाई कार्यालय में दिनांक 09.03.2026 से प्राप्त की जा सकती है।

**परियोजना प्रबन्धक,**
**निर्माण इकाई–10, कानपुर**



कार्यालय संवाददाता, महोबा


## अनदेखी — एसडीएम ने तीन टीमों का गठन कर मौके पर भेजा

# एक पखवाड़े से कबरई का विशालनगर अंधेरे में डूबा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



ज्ञापन दिखाते मोहल्ले वासी। अमृत विचार

- बिजली संकट से करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा परिवार जूझ रहे

**अमृत विचार।** कस्बा कबरई के विशालनगर मोहल्ले में पिछले 15 दिनों से बिजली संकट गहरा गया है, जिससे मोहल्ले के बाशिंदे अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली संकट से करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा परिवार जूझ रहे हैं। मोहल्ले वासियों ने इस समस्या का निराकरण कराकर बिजली आपूर्ति बहाल कराए जाने की मांग की है। रमजान माह के मौके पर बत्ती गुल होने से रोजेदारों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए एसडीएम सदर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन टीमों का गठन कर मौके पर भेजकर आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। मोहल्ला विशालनगर में एक पखवाड़ा पहले विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इस बावत मोहल्ले वासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने आज तक बिजली बहाल नहीं की, जिससे गर्मी में प्राइमरी जूनियर स्कूल के बच्चों को स्कूल में बत्ती गुल हो जाने से गर्मी से जूझना पड़ रहा है, वहीं पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को बिजली न आने से पढाई बाधित हो रही है।

गौरतलब है कि नया ट्रांसफार्मर आने के बावजूद एक निजी जमीन मालिक के विरोध के कारण उसे स्थापित नहीं किया जा सका। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 25 वर्षों से ट्रांसफार्मर उसी स्थान पर रखा था, लेकिन अब अचानक हुए इस विरोध ने पूरे मोहल्ले को अंधेरे में धकेल दिया है। बिजली विभाग के जेई से लेकर स्थानीय पुलिस तक गुहार लगाने के बाद भी जब कोई समाधान नहीं निकला, तो परेशान मोहल्लेवासी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर शिव ध्यान पांडेय ने तुरंत संज्ञान लिया और तीन टीमों का गठन कर रवाना किया। ग्रामीणों की मांग है कि यदि वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, तो उन्हें निर्बाध बिजली का अधिकार भी मिलना चाहिए।

# पुलिस ने होली खेल मनाया जश्न

**महोबा।** जिले में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस लाइन के मैदान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम में जमकर होली खेलकर जश्न मनाया। होली समारोह के दौरान पुलिस जवानों ने फिल्मी और होली गीतों पर जमकर डांस किया साथ ही थिरकते हुए जवानों ने पानी और रंगों से होली खेलते हुए एक दूसरे के कपड़े तक फाड़ दिये और अपने अंदाज में हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया।

जिले के लोगों की सुरक्षा में दिन रात तैनात रहने वाली जिला पुलिस ने होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी बखूबी निभाने के बाद पुलिस लाइन के मैदान में उत्सव का माहौल देखा गया। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने स्वयं इस होली उत्सव का शुभारंभ किया और अपने मातहतों के साथ अबीर-गुलाल उड़ाया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा वि०ख० सरीला (हमीरपुर)**

पत्राक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 7/03 /2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 16.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक** 09.03.2026 से **दिनांक** 16.03.2026 तक बेची जाएगी तथा **दिनांक** 16.03.2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक** 16.03.2026 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | करन के मकान से छत्रपाल के मकान तक सी0सी0 नि0 | 166989.00 | 3339 | 250+45 | 3 माह | |
| 2 | मनरेगा | पूरन के मकान से शंकर जी के स्थान तक इण्टरलांकिग कार्य | 739588 .00 | 14792 | 450+81 | 3 माह | |
| 3 | मनरेगा | दशरथ के बाड़े से बैजनाथ के मकान तक इण्टरलांकिग कार्य नि0 | 742204 | 14848 | 450+81 | 3 माह | |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।.
8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत -पचखुरा, वि०ख० सरीला (हमीरपुर)**

